संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 102 बुधवार 12 फरवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी ने मुझसे दो लाख रुपए मांगे गए थे



### महामंडलेश्वर से इस्तीफे के बाद ममता कुलकर्णी ने किया बड़ा खुलासा

**नईदिल्ली,11 फरवरी 2025 (ए)।** हाल ही में किन्नर अखाड़े में शामिल हुई ममता कुलकर्णी ने अपने महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा दे दिया है। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर दी है। किन्नर अखाड़े के पद से इस्तीफा देने के बाद ममता ने दावा किया है कि किन्नर अखाड़े की आचार्य लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी ने उनसे दो लाख रुपए की मांग की गई थी। यह दो लाख रुपए उनकी तरफ से महामंडलेश्वर जय अंबा ने लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी को दिए थे।

### 41 साल पुराने मामले में रिटायर्ड डीजीपी को 3 महीने की जेल

#### कांग्रेस नेता को बनाया था निशाना

**भुज,11 फरवरी 2025 (ए)।** गुजरात की एक अदालत ने राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कुलदीप शर्मा को सोमवार को 3 महीने की जेल की



सजा सुनाई है। उन्हें 41 साल पहले कच्छ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रहते हुए कांग्रेस के एक नेता पर हमला करने और गलत तरीके से उन्हें बंधक बनाने के मामले में दोषी ठहराया गया था। भुज के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बी.एम. प्रजापति की अदालत ने मामले में पूर्व पुलिस निरीक्षक गिरीश वासवदा को भी दोषी ठहराया और तीन महीने की जेल की सजा सुनाई।

### ट्रेन में सफर कर रही महिला का मोबाइल फटा



#### यात्रियों में मची अफरा-तफरी

**मुंबई,11 फरवरी 2025 (ए)।** ठाणे में सोमवार रात एक लोकल ट्रेन के महिला डिब्बे में एक महिला यात्री के मोबाइल फोन में धमाका हो गया, जिससे कुछ देर के लिए यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना सोमवार रात आठ बजकर 12 मिनट पर कलवा स्टेशन पर छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी)-कल्याण मार्ग की उपनगरीय ट्रेन में हुई।

### 2 आईपीएस अधिकारियों से नाराज हुए मुख्यमंत्री योगी



**प्रयागराज,11 फरवरी 2025 (ए)।** प्रयागराज और आसपास के जिलों में भारी ट्रैफिक जाम की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों की कड़ी क्लास लगाई। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज जोन के एडीजी भानु भास्कर और एडीजी ट्रैफिक सत्यनारायण को कड़े शब्दों में फटकार लगाई।उन्होंने कहा कि भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन की जिम्मेदारी आप लोगों की थी, लेकिन चाहे भगदड़ वाले दिन हो या आम दिनों की ट्रैफिक अव्यवस्था, अधिकारियों का रवैया गैर-जिम्मेदाराना रहा।

#### महाकुंभ मेला क्षेत्र में सभी तरह के वाहनों पर प्रतिबंध, सीएम ने अधिकारियों को दिए ये निर्देश

स्नान पर्व माघी पूर्णिमा बुधवार को है, जिसे लेकर पुलिस ने ट्रैफिक और डायवर्जन प्लान लागू किया है। इसके तहत प्रशासन ने महाकुंभ मेला क्षेत्र में सभी तरह के वाहनों पर प्रतिबंध लगाया गया है। हालांकि, इस दौरान प्रशासनिक और चिकित्सकीय वाहनों को मेला क्षेत्र में जाने की अनुमति रहेगी। यह व्यवस्था 13 फरवरी की सुबह आठ बजे अथवा भीड़ समाप्त होने तक लागू रहेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी महाकुंभ के दौरान यातायात और भीड़ प्रबंधन को लेकर सख्त दिशा-निर्देश दिए हैं।

## एआई एक्शन समिट में बोले पीएम मोदी-एआई को पारदर्शी और भरोसेमंद बनाना जरूरी...

# भारत दुनिया का सबसे बड़ा AI टैलेंट हब

**पेरिस/नई दिल्ली,11 फरवरी 2025 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार पेरिस में आयोजित एआई एक्शन समिट को संबोधित किया। अपने भाषण में उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के पारदर्शी और जिम्मेदार विकास पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई तकनीक को ओपन सोर्स सिस्टम के माध्यम से डेवलपे किया जाना चाहिए, जिससे इसकी पारदर्शिता बढ़े और सभी देशों को इसका समान लाभ मिले।

मोदी ने कहा, एआई के विकास में नैतिकता और जिम्मेदारी का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। एआई के कारण कई नए रोजगार क्षेत्र विकसित होंगे, इसलिए हमें लोगों को स्किलिंग और री-स्किलिंग पर ध्यान देना होगा। भारत इस दिशा में बड़े स्तर पर निवेश कर रहा है ताकि एआई युग के लिए कार्यबल तैयार किया जा सके। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा एआई टैलेंट पूल है। भारत ने कम लागत में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है और डेटा एम्पावरमेंट के जरिए लोगों को सशक्त बनाया है। यह विजन भारत के राष्ट्रीय एआई मिशन की नींव है। भारत ने डिजिटल अर्थव्यवस्था में मजबूती से कदम बढ़ाया है और आज ग्लोबल साउथ के देशों के लिए एक प्रेरणा बन चुका है। भारत ने डिजिटल पब्लिक गुड्स को बढ़ावा दिया है और एआई तकनीक को सभी के लिए आसान बनाने पर जोर दिया है।




### AI से नई नौकरियों के अवसर पैदा होंगे

पीएम मोदी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज की जरूरत बन चुका है। इसका भविष्य उज्जवल है। कुछ लोग मशीनों की बढ़ती ताकत से डरते हैं, लेकिन इसमें चिंता की कोई बात नहीं है। तकनीक ने हमेशा मानवता की सेवा की है और आगे भी करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा,एआई से नई नौकरियों के अवसर पैदा होंगे और रोजगार के स्वरूप में बदलाव आएगा। उन्होंने बताया कि भारत सरकार और निजी क्षेत्र के सहयोग से एआई में तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसमें नैतिकता, पारदर्शिता और सुरक्षा का ध्यान रखा जा रहा है।

### ओपन सोर्स सिस्टम पर पीएम मोदी का जोर

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में ओपन सोर्स सिस्टम को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने बताया कि इससे न केवल तकनीक की पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि यह सुनिश्चित होगा कि एआई का विकास वैश्विक समुदाय के हित में हो। उन्होंने यह भी कहा कि भारत इस दिशा में मजबूत कदम उठा रहा है और आने वाले वर्षों में एआई के नैतिक और पारदर्शी उपयोग पर काम करेगा।

### एआई को लेकर वैश्विक सहयोग की जरूरत

प्रधानमंत्री मोदी ने इस समिट के मंच से वैश्विक सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई सिर्फ एक देश या कंपनी तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसका फायदा सभी देशों और समाज के सभी वर्गों तक पहुंचना चाहिए। पीएम मोदी ने विकसित देशों से आग्रह किया कि वह एआई टेक्नोलॉजी को खुला और सुलभ बनाने में मदद करें।पीएम मोदी ने कहा कि एआई केवल तकनीकी विकास तक सीमित नहीं है। यह समाज के हर वर्ग के जीवन को बेहतर बनाने में सक्षम है। एआई के जरिए शिक्षा को और ज्यादा असरदार बनाया जा सकता है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किया जा सकता है। कृषि उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है।

### एआई के लिए भारत बना ग्लोबल रोल मॉडल

पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने दुनिया को दिखाया है कि कैसे कम लागत में मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि भारत एआई तकनीक को अपनाने और डेटा प्राइवेसी के मामले में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। भारत ने अपने नागरिकों की डेटा सुरक्षा को प्राथमिकता दी है और इसके लिए मजबूत नीतियां बनाई हैं। एआई को सुरक्षित और न्यायसंगत बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग बेहद जरूरी है।

### नैतिकता और एआई सुरक्षा पर जताई चिंता

प्रधानमंत्री मोदी ने एआई के दुरुपयोग को लेकर भी चिंता जाहिर की। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर एआई तकनीक को बिना किसी नियम-कानून के विकसित किया गया, तो यह समाज के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। ऐसे में यह भी जरूरी है कि एआई सुरक्षा मानकों को मजबूत किया जाए।

# ट्रेलर और ट्रक के बीच भीषण टक्कर



**» कुंभ से लौट रहे आंध्रप्रदेश के 7 श्रद्धालुओ की मौत**

**» गाड़ी के उड़े परखच्चे**

**भोपाल/जबलपुर,11 फरवरी 2025 (ए)।** जबलपुर के सिहोरा के पास नेशनल हाईवे पर आज सुबह ग्राम मोहला बरगी के बीच में ट्रेवलर और ट्रक आमने-सामने से टकरा गए। जिसमें टेंपो ट्रेवलर में सवार आंध्र प्रदेश के 9 व्यक्तियों में से 7 की मृत्यु हो गई। घायल 2 लोगों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।आंध्र प्रदेश के सभी यात्री प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में अमृत स्नान कर वापस लौट रहे थे। इस दौरान सिहोरा के पास दुर्घटना का शिकार हो गए। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय मौके पर पहुंचे। प्रशासन एवं पुलिस के स्थानीय अधिकारी सूचना मिलते ही तुरंत दुर्घटना स्थल पर पहुँच चुके थे। मृत व्यक्तियों को सिहोरा अस्पताल पीएम के लिए भेजा गया।

डीएम सक्सेना ने कहा कि मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है, वे डेड बॉडी लेने के लिए आंध्र प्रदेश से रवाना हो चुके है। दुर्घटना स्थल के बाद कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सिविल अस्पताल सिहोरा भी पहुंचे और वहां चल रहे घायलों के इलाज के संबध में जानकारी ली।

### सीएम डॉ मोहन यादव ने हादसे पर जताया दुख

जबलपुर जिले के सिहोरा में हुए भीषण सड़क हादसे पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दुख व्यक्त किया है। सीएम ने कहा कि आज नागपुर-प्रयागराज नेशनल हाइवे पर प्रयागराज से वापस आ रही ट्रैवलर और ट्रक की भीषण सड़क दुर्घटना



में आंध्रप्रदेश राज्य के तीर्थयात्रियों की असामयिक मृत्यु एवं घायल होने का समाचार अत्यंत ही दुखद है। मेरी संवेदनाएं सभी शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। जिला प्रशासन को निर्देशित किया है कि घायलों का समुचित उपचार एवं सभी मृतकों के परिजनों से संपर्क कर पार्थिव देह को पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। सीएम ने कहा कि बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति देने तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।




# पेट्रोल 82 और डीजल 78 रुपए लीटर

### कच्चे तेल की कीमतों में बदलाव के बाद सस्ता हुआ ईंधन

**नईदिल्ली,11 फरवरी 2025 (ए)।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार चढ़ाव का दौर जारी है। इंटरनेशनल मार्केट में ब्रेंट क्रूड के दाम में बदलाव का असर अब घरेलू बाजार में भी देखने को मिल रहा है। भारतीय पेट्रोलियम कंपनियों ने शुक्रवार यानि 7 फरवरी को नया रेट जारी कर दिया है। जबकि कुछ जगहों पर इसकी कीमतों में तेजी दिख रही है। बात करें अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों की तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में भी थोड़ी गिरावट दिख रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव चढ़कर 74.31 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई का रेट भी तेजी के साथ 70.60 डॉलर प्रति बैरल हो गया है।सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार, यूपी के गाजियाबाद जिले में पेट्रोल 39 पैसे सस्ता होकर 94.50 रुपए लीटर बिक रहा है। डीजल भी 45 पैसे गिरा और 87.58 रुपए लीटर पहुंच गया है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 35 पैसे चढ़कर 105.58 रुपए और डीजल 33 पैसे बढ़त के साथ 92.42 रुपए लीटर हो गया है। हरियाणा की राजधानी गुरुग्राम में पेट्रोल 24 पैसे गिरकर 94.87 रुपए लीटर हो गया तो डीजल 24 पैसे टूटकर होकर 87.73 रुपए लीटर बिक रहा है।

# मैं दलित,कभी भी हो सकती है मेरी हत्या



### कांग्रेस सांसद ने सदन में लगाई सुरक्षा की गुहार

**पटना,11 फरवरी 2025 (ए)।** बिहार के सासाराम से कांग्रेस सांसद मनोज कुमार के साथ बीते दिनों मारपीट हुई थी। इस दौरान बदमाशों ने उनपर हमला बोल दिया था, जिससे उनके सिर में चोट आई थी. सांसद मनोज कुमार ने बीते दिन अपने ऊपर हुए हमले का मुद्दा सदन में उठाया है।

संसद में घटना का जिक्र करते हुए कांग्रेस सांसद ने कहा कि, मेरे ऊपर 30 जनवरी को जानलेवा हमला हुआ। मुझे दलित समझ कर, गरीब समझ कर मारा गया। उन्होंने कहा कि, प्रशासन भी मूकदर्शक बनी रही। सांसद ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनके ही रिश्तेदार और भतीजे को पकड़ कर जेल में डाल दिया।



# सनातन अपनाने वाले मुसलमानों को प्रतिमाह मिलेगा 3000 रुपए

### जितेंद्र नारायण सिंह त्यागी (वसीम रिजवी) ने की घोषणा

**प्रयागराज,11 फरवरी 2025 (ए)।** उत्तर प्रदेश में शिया वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन वसीम रिजवी ने इस्लाम छोड़कर सनातन धर्म अपना लिया था। सनातनी होने के बाद वसीम रिजवी ने अपना नाम जितेंद्र नारायण सिंह त्यागी रख लिया था। वहीं, अब महाकुंभ से जितेंद्र नारायण सिंह त्यागी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो सनातन धर्म अपनाने वाले मुसलमानों को प्रतिमाह 3000 रुपए देने का ऐलान किया है।

# कोर्ट में निहंग ने की महिला जज पर हमले की कोशिश

**पटियाला,11 फरवरी 2025 (ए)।** पंजाब के पटियाला कोर्ट में सोमवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई थी, जब एक निहंग



गुरपाल सिंह ने मे हों ला जज पर हमला करने की कोशिश की। यह घटना तब हुई, जब जज कोर्ट में एक केस की सुनवाई कर रही थीं। गुरपाल सिंह अचानक कोर्टरूम में घुसा और जज के पास पहुंचकर हमला करने की कोशिश की। हालांकि, कोर्ट स्टाफ की सतर्कता से बड़ी घटना टल गई। स्टाफ ने तुरंत निहंग को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में ले लिया।

# चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट ने दिया बड़ा निर्देश



**नईदिल्ली,11 फरवरी 2025 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ईवीएम के सत्यापन के संबंध में नीति बनाने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई की. याचिका में चुनाव आयोग को ईवीएम की मेमोरी/माइक्रोकंट्रोलर की जांच और सत्यापन के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है। इस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा है और आदेश दिया है कि फिलहाल ईवीएम से कोई डेटा डिलीट न करें और ना ही कोई डेटा रीलोड करें।

# मुकेश अंबानी ने परिवार संग लगाई संगम में पवित्र डुबकी

### रहे सुरक्षा के तगड़े इंतजाम

**प्रयागराज,11 फरवरी 2025 (ए)।** महाकुंभ नगर में मुकेश अंबानी का परिवार पहुंचा है। मुकेश और उनकी मां कोकिलाबेन अंबानी ने संगम में डुबकी लगाई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अंबानी फैमिली के 11 सदस्य स्नान करने पहुंचे हैं। मुकेश के बड़े बेटे बहू आकाश और श्लोका के साथ ही छोटे बेटे अनंत और राधिका भी पहुंचे हैं। महाकुंभ में माघी पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर रिलायंस इंडस्ट्रीज चेयरपर्सन मुकेश अंबानी हेलिकॉप्टर से मेला क्षेत्र तक पहुंचे और फिर कार से आगे तक गए। उन्होंने परिवार सहित पवित्र डुबकी लगाई। मुकेश की दोनों बहनों के साथ ही परिवार के सदस्यों ने पवित्र डुबकी लगाई। इस दौरान मेला में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही।



# संपादकीय

## राहत की बड़ी सौगात

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सुस्त पड़ती आर्थिक वृद्धि को रफ्तार देने के लिए बजट में मध्यम वर्ग के लिए राहत की बड़ी सौगात दी है। यह कि 12 लाख रुपये तक की सालाना आय पर कर नहीं लगेगा जिससे लोगों के हाथ में ज्यादा पैसा बच सकेगा। फलस्वरूप घरेलू उपभोग, बचत और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। आर्थिक गतिविधियों में रवानी आने से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। वित्त मंत्री ने शनिवार को लोक सभा में वर्ष 2025-26 का आम बजट पेश किया जो उनका लगातार आठवां बजट रहा, जो कीर्तिमान है। इस राहत से करीब एक करोड़ लोग आयकर के दायरे से बाहर हो जाएंगे। बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा बढ़ाने समेत अगली पीढ़ी के सुधारों को तेज करने का भी प्रस्ताव है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम बजट को ऐतिहासिक' करार देते हुए कहा है कि यह हर भारतीय के सपनों को पूरा करेगा, विकसित भारत के मिशन को आगे ले जाएगा और विकास, निवेश और उपभोग को कई गुना बढ़ाएगा'। बेशक, बजट में जिस प्रकार से आयकर से राहत दी गई है, वह बाकी सभी बजट प्रावधानों से ज्यादा महत्त्वपूर्ण दिखलाई पड़ रही है। हालांकि हर बजटीय प्रावधान खासे विमर्श के बाद किया जाता है।लेकिन आयकर में राहत महत्त्वपूर्ण है क्यों कि अरसे से इस बाबत मांग की जा रही थी। अब यह राहत मिली है, तो इसे कुछ लोग चुनाव के मद्देनजर किया गया बदलाव करार दे रहे हैं। इस साल के आखिर में बिहार और इसी फरवरी में दिल्ली में विधानसभा के चुनाव हैं। बिहार के लिए भी पैकेज घोषित किया है, और आयकर में राहत से एक अनुमान के मुताबिक, दिल्ली के 85 प्रतिशत करदाताओं को अब आयकर नहीं देना पड़ेगा। बहरहाल, आम बजट से चुनावी से इतर अनेक लाभ मिलने तय हैं।महंगाई कम करने के साथ ही बजट रोजगार सृजन में सहायक होगा। रक्षा क्षेत्र और पूंजीगत व्यय में वृद्धि करने के साथ ही नियामक सुधारों पर बल दिया गया है। वरिष्ठ जन की एक लाख रुपये तक की ब्याज आय को कर-मुक्त रखा गया है, जो यकीनन सराहनीय है। परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के लिए भी उत्साहजनक ऐलान है।स्वास्थ्य क्षेत्र और ईवीएम से जुड़ खचरे के लिए भी खासा आवंटन है। वित्त मंत्री ने रेल बजट में कोई बढ़ोतरी नहीं की है और इस वर्ष भी पिछले वर्ष की भांति ही 2.52 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। बेशक, बजट की आलोचना करने के लिए तमाम तर्क गढ़े जा सकते हैं, लेकिन इतना तो कहना होगा कि बजट समाज के व्यापक वर्ग के हित में दिख रहा है।

# जीवन में संतुलन और काम की गुणवत्ता



विजय गर्ग
चांद मलोट
पंजाब

कर्मचारियों के लिए सप्ताह में सत्तर और नब्बे घंटे काम के घंटे और भारत करने की बहस के बीच इस बार के देश के बजट के पहले आर्थिक सर्वेक्षण में यह दावा किया गया कि हफ्ते में साठ घंटे से ज्यादा काम करने से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। दरअसल, हाल में काम कार्य संस्कृति को लेकर एक बहस शुरू हो चुकी । है। भारत में फैक्टरी कानून 1948 की धारा 51 के तहत किसी भी कर्मचारी सप्ताह में 48 घंटे से अधिक काम कराना अवैध है। इसी कानून की धारा 55 में कहा गया है कि कोई कर्मचारी लगातार पांच घंटे से ज्यादा काम काम नहीं करेगा। यह प्रावधान कर्मचारियों की सुरक्षा और उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रख कर बनाया गया है। इसी कानून तहत पांच घंटे काम के बाद एक घंटे के विराम की व्यवस्था भी गई है। इसके बावजूद, भारत में ज्यादातर कर्मचारी सप्ताह में औसतन 48 घंटे काम करते हैं, जो कई विकसित देशों की तुलना में अधिक है। फिर भी, भारत की उत्पादकता अपेक्षाकृत कम है। इसका मुख्य कारण है कि लंबे समय तक काम करने से कर्मचारियों की कार्यक्षमता और रचनात्मकता प्रभावित होती है। दुनिया के विकसित देशों में काम के घंटे और कार्य-जीवन संतुलन लेकर बेहतर नीतियां अपनाई गई हैं। जर्मनी में औसतन 35-40 घंटे का कार्य सप्ताह है। वहां कर्मचारियों की उत्पादकता विश्व में सबसे अधिक है। स्वीडन में छह घंटे काम का चलन है, जिससे कर्मचारियों की उत्पादकता और संतुष्टि दोनों में वृद्धि हुई है। वहीं, जापान जैसे देशों काम के अधिक दबाव के कारण मृत्यु की घटनाएं इस बात का उदाहरण हैं कि काम के घंटे बढ़ाने का निर्णय कर्मचारियों के लिए कितना घातक हो सकता है। भारत में आलवेज आन की कार्य संस्कृति ने कर्मचारियों के व्यक्तिगत जीवन पर गहरा प्रभाव डाला है। वर्तमान समय में डिजिटल तकनीक और वर्चुअल मीटिंग ने काम और निजी जीवन को काफी हद तक प्रभावित किया है। ऐसे में नब्बे घंटे काम करने की वकालत न केवल सवालों के घेरे में है, बल्कि यह कर्मचारियों के मानसिक और के लिए भी हानिकारक है। शारीरिक स्वास्थ्य हमारे देश के अलग-अलग राज्यों में काम के घंटे तय करने के लिए शाप्स एंड एस्टेब्लिशमेंट्स एक्ट भी बनाए गए हैं। यह कानून कार्यालयों, दुकानों और सेवा इकाइयों में काम करने वालों पर लागू होता है। इसके तहत काम के नौ घंटे तय किए गए हैं। हालांकि, यहां भी हर हफ्ते 48 घंटे से अधिक काम कराने की मनाही है। संयुक्त राष्ट्र की वर्ष 2021 की रपट की मानें, तो काम से काम से जुड़ी चोटों और बीमारियों के कारण दुनिया भर में हर



साल लगभग 20 120 लाख लोग अपनी जान गंवा बैठते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि काम और जीवन के बीच संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी है। लंबे समय तक काम के दौरान बीच में थोड़ा विराम लेना चाहिए। इससे तनाव कम होता है। साथ ही प्रतिदिन व्यायाम को भी अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। वहीं संतुलित और पोषक आहार भी जरूरी है। लंबे समय तक काम करने के क्रम मधुमेह और सर्वाइकल संबंधी बीमारियां और लगातार बैठे रहने से रक्त संचार कम होने की आशंका रहती है। इसके साथ ही, देर तक काम करने से आंखों की रोशनी पर असर पड़ने का खतरा भी बढ़ जाता है। मनुष्य मशीन नहीं है। पशु को भी आराम की जरूरत होती है, तो फिर मनुष्य को क्यों नहीं मिलना चाहिए। बात अगर मशीनों की करें तो इसके रख- रखाव में और अधिक खर्च आता है। उन्हें भी बीच-बीच में बंद कर दिया जाता है। समय-समय पर उसकी सर्विसिंग की जाती है। कंप्यूटर हो या एसी, लगातार चलते रहने से ये भी बंद हो जाते हैं। फिर हमारा शरीर और दिमाग कैसे लगातार काम करते रह सकते हैं।विश्व स्वास्थ्य संगठन से लेकर चिकित्सकों तक का कहना है कि सप्ताह में पैंतीस से चालीस घंटे से ज्यादा काम करने से न केवल सेहत खराब होती है, बल्कि कर्मचारियों की जान तक जा सकती है। उनकी क्षमता और उत्पादकता दोनों पर बुरा असर पड़ता है। इस विमर्श के 5. बीच आनंद महिंद्रा का वक्तव्य भी चर्चा में रहा। उनका मानना महत्त्वपूर्ण काम घंटे से कहीं ज्यादा काम की गुणवत्ता और परिणाम अधिक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि काम का उद्देश्य केवल आर्थिक विकास नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि कर्मचारी संतुलित और खुशहाल जीवन जी सकें। इसके अलावा, यह भी देखा गया है कि जिन संस्थानों ने अपने कर्मचारियों को काम के लचीले घंटे और पर्याप्त आराम का अवसर दिया, वहां उनका प्रदर्शन बेहतर रहा है। काम के घंटे की इस बहस ने वेतन असमानता का मुद्दा भी उजागर किया है। आटोनामी की एक रपट के मुताबिक, कृत्रिम मेधा (एआइ) आने के बाद ब्रिटेन में 88 फीसद कंपनियां अपने कर्मचारियों के काम के घंटे दस फीसद तक कम कर रही हैं। यानी दुनिया में काम के घंटे कम करने की दिशा में पहल की दिशा । रही है। जबकि हमारे देश में जहां काम के घंटे पहले से ही ज्यादा हैं, उन्हें बढ़ाने की वकालत की रही है। देश में बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई के चलते मजदूर वर्ग की मजबूरी का फायदा उठाने की कोशिश की जा रही है।हमारे संविधान की प्रस्तावना में हर व्यक्ति की गरिमा की बात कही गई है। मौलिक अधिकार और नीति-निर्देशक तत्वों में इसकी स्पष्ट व्याख्या की गई है। अनुच्छेद 42 जहां काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं के लिए राज्य की जवाबदेही तय करता है वहीं अनुच्छेद 43 मजदूरों को काम, बेहतर जीवन स्तर के साथ ही अवकाश की संपूर्ण सुविधा सुनिश्चित करने और सामाजिक तथा सांस्कृतिक प्राप्त करने के लिए राज्य की जिम्मेदारी मानता है। ऐसे में राज्य सरकारों का यह दायित्व बनता है कि वह अपने कर्मचारियों और मजदूर वर्ग का पूरा ध्यान रखें। उनका भी यह दायित्व बनता है कि एआइ के दौर में जब दुनिया बड़े पैमाने पर बेरोजगारी के खतरे का सामना कर रही है, ऐसे में काम के घंटे बढ़ाने से बेरोजगारी और भी बढ़ेगी। आज के समय में, जब तकनीकी प्रगति ने काम को आसान बना दिया , तब हमें काम के घंटे की की बजाय काम के परिणामों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। यह समझना होगा कि लंबे समय तक काम करने से उत्पादकता नहीं बढ़ती, बल्कि काम की गुणवत्ता और कर्मचारियों की संतुष्टि पर ध्यान देना भी जरूरी है। अब समय आ गया है हम अपनी कार्य संस्कृति पर पुनर्विचार करें। इसे संतुलित बनाएं। काम का उद्देश्य केवल परिणाम देना नहीं है, बल्कि कर्मचारियों को सार्थक और खुशहाल जीवन जीने का अवसर प्रदान करना भी है। एक स्वस्थ और संतुलित कार्य संस्कृति न केवल कर्मचारियों की भलाई के लिए, बल्कि देश और समाज की प्रगति के लिए भी अनिवार्य है। इसलिए जरूरी है कि पहले काम के तरीके और गुणवत्ता को सुधारा जाए। तभी हम एक ऐसा समाज बना सकते हैं, जहां कर्मचारी और संस्थान दोनों अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकेंगे और खुशहाल तथा संतुलित जीवन जी सकेंगे।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# यूपी की नई आबकारी नीति,एक तीर से कई निशाने

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा नई आबकारी उत्पाद शुल्क नीति को मंजूरी दिये जाने के बाद शराब



अजय कुमार
लखनऊ, उत्तर प्रदेश

के धंधे को लेकर कयासों का दौर शुरू हो गया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि नई आबकारी नीति में कई महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल रहे हैं।नई आबकारी नीति में सबसे बड़ी बातों पर गौर किया जाये तो यह साफ है कि यूपी सरकार एक तो शराब कारोबार के धंधे में मुट्ठी भर लोगों के वर्चस्व को कम करना चाहती है । वहीं रंगीन पानी से सरकार अधिक से अधिक कमाई करने में भी गुरेज नहीं कर रही है। इसके अलावा योगी सरकार की नजर हरियाणा की आबकारी नीति में भी सेंधमारी की है। दरअसल, दिल्ली और एनसीआर के शराब के शौकीन लोग सस्ती शराब के चक्कर में गुड़गांव पहुंच जाते हैं। इसमें नोयडा और गाजियाबाद में रहने वाले पियक्कड़ भी शामिल हैं,जिसके चलते यूपी को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। गुड़गांव में सस्ती शराब होने के चलते ही दिल्ली से सटे यूपी के जिलों की शराब की दुकानों में सन्नाटा पसरा रहता है।

योगी सरकार की नई शराब नीति के बदलावों के परिणाम स्वरूप प्रदेश में अब कंपोजिट शराब की दुकानें देखने को मिलेंगी।बीयर और विदेशी शराब की दुकानों को एक ही इकाई में विलय करा जा सकेगा। साथ ही राज्य में अंगूर के बागानों और माइक्रोब्रेवरीज की शुरुआत के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यूपी की नई आबकारी नीति से दिल्ली और एनसीआर के लोगों को फायदा होगा। शहर की 2021-22 की आबकारी नीति अगस्त 2022 में वापस लिए जाने के बाद से दिल्ली में शराब की दुकानों को दो साल तक विकल्प और स्टॉक का संकट झेलना पड़ा था। नई शराब नीति का मुख्य उद्देश्य 55,000 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाना और शराब कारोबार को अधिक मजबूत बनाना है.योगी सरकार 6 साल बाद नई शराब नीति लेकर आई है, हालांकि, यह अभी तय नहीं किया गया है कि शराब के दामों में कोई बदलाव होगा या नहीं. इस नीति को लागू करने में पहले देरी हुई थी क्योंकि महाकुंभ 2025 और मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के कारण आचार संहिता लागू थी।

नई आबकारी नीति को 05 फरवरी 2025 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में मंजूरी दी गई तो यह कहा जाने लगा अब तक, दिल्ली के ग्राहक गुरुग्राम से शराब खरीदने को मजबूर थे। गुरुग्राम में शराब सस्ती और इसके अधिक विकल्प मिल रहे थे। नई यूपी उत्पाद शुल्क नीति के साथ राज्य में अधिक विकल्प मिलेंगे और पूर्वी और उत्तरी दिल्ली के लोगों को गाजियाबाद-नोएडा से शराब लेना पास रहेगा। आबकारी नीति में नई सुविधाओं की घोषणा पर यूपी के आबकारी आयुक्त डॉ. आदर्श सिंह कहते हैं कि राज्य में अब तीन प्रकार की शराब की दुकानें होंगी- मॉडल शॉप, देशी शराब की दुकानें और कंपोजिट दुकानें। उत्तर प्रदेश में अब हर जिले में फलों से तैयार वाइन की एक-एक दुकान होगी। मंडल मुख्यालय में इसके लिए लाइसेंस फीस 50 हज़ार रुपये व अन्य जिलों में 30 हज़ार रुपये फीस होगी। इससे फल उत्पादकों के उत्पादों की खपत बढ़ेगी। इसके अलावा हर राज्य में बड़े परिसर वाली कंजिट दुकानें खुलेंगी। यहां एक साथ विदेशी मदिरा, वाइन व बीयर उपलब्ध होगी लेकिन यहां मदिरापान की अनुमति नहीं होगी। अब से विदेशी मदिरा 60 और 90 मिलीलीटर में शीशे की बोतल व सिरोंग पैक में भी उपलब्ध होगी।

नई आबकारी नीति में यह भी प्रावधान किया गया है कि किसी भी व्यक्ति या फर्म को अधिकतम दो दुकानें आवंटित हो सकेंगी। यह बात सामने आते ही सत्तर से नब्बे तक के दशक की याद ताजा हो जाती है.साल 1970-80 तक लाला मणिलाल,राजा राम



जायसवाल, दीप नारायण जायसवाल, लाला राम प्रकाश जायसवाल, श्री नारायण साहू (का बोलबाला था)। 1980-90 तक लाला जगन्नाथ जी, लाला मणिलाल, विनायक बाबू थे। 1985-88 के बाद जवाहर लाल और गोरखपुर के बद्री बाबू जायसवाल आए.उत्तर प्रदेश के शराब व्यापार पर आठ या नौ व्यापारियों जैसे बाबू किशनलाल, बद्री प्रसाद जायसवाल आदि का सिक्का चलता था. लेकिन सबसे बड़ा नाम था जवाहर जायसवाल का. वो लिकर किंग के नाम से जाने जाते थे. इन्हें सिंडिकेट कहा जाता था, यानि आसान भाषा में चंद लोगों का एक शक्तिशाली गुट,जिसके सामने सरकार भी झुक जाती थी।


साल 1999 से 2004 तक सांसद रहे जवाहर जायसवाल अक्सर दावा करते मिल जाते थे कि वर्ष 1993 से लेकर 2000 तक मेरे ग्रुप के पास 22 ज़िले थे. इतना बड़ा बिज़नेस हिंदुस्तान में कभी किसी के पास नहीं रहा. नब्बे के दशक में अपने रसूख के चरम पर राज्य में सरकारी नीतियों, शराब के दाम, व्यवस्था पर दखल रखने वाले जवाहर जायसवाल के पास, उनके मुताबिक, करीब 10,000 दुकानें थीं. वैसे अकेले जवाहर जायसवाल की बात नहीं हैं यूपी में लम्बे समय से शराब के व्यापार पर जायसवालों का कब्जा रहा है. जवाहर जायसवाल को ये बिज़नेस विरासत में मिला. वो 1972 में बिज़नेस में आए और अगले आठ सालों में पूरे बनारस पर उनका एकाधिकार सा हो गया.जायसवाल समाज से जुड़े कुछ लोग कहते हैं कि 50 साल पहले तक हमें कलाल बोला जाता था. कलाल मतलब जो कलाली का बिज़नेस करता है. कलाली मतलब शराब. कलाल को बहुत हेय दृष्टि से देखा जाता था. लोग हमारा छुआ पानी भी नहीं पीते थे. लेकिन वक्त बदला और शराब के बिज़नेस पर जायसवाल समुदाय का एकाधिकार ऐसा हुआ कि उनके प्रति समाज के अन्य वर्ग के लोगों का एकदम नजरिया ही बदल गया।खैर, 1993 से 2001 तक जवाहर जायसवाल का दबदबा रहा. वो लिकर किंग के नाम से जाने जाते थे. लेकिन समय के साथ आबकारी नीति में कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले। साल 2000 में राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी. एक्साइज मंत्री थे सूर्य प्रताप शाही. शराब व्यापारियों की मनमानी ख़त्म करने के लिए साल 2001-02 में नई आबकारी नीति आई और शराब कारोबार के बड़े प्लेयर के रूप में पॉंटी चड्ढा का उदय हुआ और साल 2012 तक उनका वर्चस्व रहा. मायावती और अखिलेश यादव सरकारों से नज़दीकियों के आरोपों के बीच पॉंटी चड्ढा का साम्राज्य फैलता गया.,लेकिन उत्तर प्रदेश में सेक्रेटरी एक्साइज रहे और 2001 की आबकारी नीति पर पीएचडी कर चुके डॉक्टर एसपी गौड़ के मुताबिक 2001 की आबकारी नीति में मानवीय लॉटरी से दुकानों के आवंटन का प्रावधान था और दुकाने के लिए कोई भी व्यक्ति जिसके पास अपनी या किराए पर प्रॉपर्टी हो वो आवेदन कर सकता था. इसके अलावा रिटेल दुकानदार कहीं से भी शराब खरीद सकते थे. इस नीति के अंतर्गत हर बॉटल पर होलोग्राम लगाया गया था ताकि उसकी बिक्री राज्य के भीतर हो. प्रवीर कुमार के मुताबिक इस नीति में सबसे बड़ा बदलाव ये था कि नीलामी से मिलने वाली राशि की जगह मिलने वाली आमदनी को दो भाग में विभाजित कर दिया गया- लाइसेंस फीस और ड्यूटी. एक दुकान की लाइसेंस फीस वहां होने वाली बिक्री के आधार पर निर्धारित की गई, जबकि फैसला हुआ कि शराब पर लगने वाला कर उसके डिस्टिलरी से बाहर निकलने से पहले ही सरकार इकट्ठा कर लेगी. नतीजा ये हुआ कि पुराने बड़े नाम धीरे धीरे बिज़नेस से बाहर हो गए, मोनोपली राज पर रोक लगी और नए लोग जैसे पूर्व बैंक अधिकारी, रिटायर्ड लोग, एमबीए ग्रैजुएट बाज़ार में उतरे जो पहले इसकी धूमिल छवि की वजह से इससे आमतौर पर दूर रहते थे.यह सिलसिला आज भी बदस्तूर जारी है।

## कविता
## निकता ल चुन

घटती-घटना




चंद्रकांत खूंटे
जांजगीर चांपा
छत्तीसगढ़




ए मतदाता झन कर असना चुनइ
जेन तोरे करय धुनइ
तोरे बोट पाके इतरावय
मुँ फेर आँखी देखावय
मेछा तानके अट्यावय
अउ जीते बेरा तोही ला
झन-बोली बतरावय
इ ठउको बेरा ए
झन समझ छेरछेरा ए
जतका तोला दिही
पाछु मथनी कस मथ दिही
आगु पिछु के करम,भाखा के मरम
अभी ले चहा कस छान ले
निकता ल चुन,कहना मान ले
अभी के आँखी मुँदे पाँच साल पछताबे
पाछु निटोरबे त का पाबे
तेकर ले बने ल चुन ले
जेन रहय सोझवा,पढ़े-लिखे
बुता करोय्या अंतस ले गुन ले ।।

## कविता
## मूरख बांटे ज्ञान

घटती-घटना



उदय किशोर शाह
जयपुर बांका
बिहार

जो हैं खुद का ज्ञान से दूर
वो जग में कहलाता अज्ञानी
मुरख की बस्ती में . बैठ कर
वो बाँट रहा ज्ञान अज्ञानी
कैसे कैसे हैं लोग धरा पर प्रभु
नहीं है जग में जिनका सम्मान
मूरख की बस्ती में बैठ कर
वो बाँट रहा ज्ञान अज्ञानी
धर्म की भूल गया हैं चर्चा
अधर्मी बना है वो अभिमानी
मूरख की बस्ती में बैठ कर
वो बाँट रहा ज्ञान अज्ञानी
ना है खुद की इज्जत व।मर्यादा
सीख लिया गुण है वो शैतानी
मूरख की बस्ती में बैठ कर
वो बाँट रहा ज्ञान अज्ञानी
भूल गया जो संस्कार जगत का
ना है खुद का वो स्वभिमाानी
मूरख की बस्ती में बैठकर
वो बाँट रहा ज्ञान अज्ञानी

# काले साहब तो लूट के मामले में गोरों के भी बाप

कई दशकों से देखने में आया है कि गणतंत्र या स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों को नमन कर देशवासियों को लंबे-चौड़े वादों की सौगात देकर देश का भला करने के संकल्प लिए जाते हैं परंतु इन सब से क्या देश का भला हो सकता है?कई देशों में प्रवासी भारतीयों ने कई क्षेत्रों में बुलंदियों को छुआ है। इसका मतलब हुआ कि भारतीयों में योग्यता की कोई कमी नहीं है। यदि सभी को सही मौका और प्रोत्साहन मिले तो कठिन से कठिन लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।अगर यह बात सही है तो फिर क्या वजह है कि खिलाडियों पर खर्चा करने की बजाय खर्चीले खेल आयोजनों पर अरबों रुपया बर्बाद किया जाता है? कुछ हजार रुपये का कर्जा लेने वाले किसान आत्महत्या करते हैं और लाखों करोड़ का बैंकों का कर्जा हड़पने वाले उद्योगपति ऐश। आधी जनता भूखे पेट सोती है और एफसीआई के गोदामों में करोड़ों टन अनाज सड़ता है। विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका और मीडिया भी ऐसी अव्यवस्था का नंगा नाच दिखाने में पीछे नहीं रहते।नतीजतन, आतंकवाद और नक्सलवाद चरम सीमा पर पहुंचता जा रहा है। सरकार के पास विकास के लिए धन की कमी नहीं है पर धन का सदुपयोग कर विकास के कामों को ईमानदारी से करने वाल पैसे-पैसे के लिए धक्के खाते हैं और नकली योजनाओं पर अरबों रुपया डकारने वाले सरकार का धन बिना रुकावट खींच ले जाते हैं। ऐसे में स्वतंत्रता दिवस या गणतंत्र दिवस का क्या अर्थ लिया जाए? यही न कि हमने आजादी के नाम पर गोरे साहबों को धक्का देकर काले साहबों को बिठा दिया। पर काले साहब तो लूट के मामले में गोरों के भी बाप निकले। स्विटजरलैंड के बैंकों में सबसे ज्यादा काला धन जमा करने वालों में भारत काफी आगे है। इसलिए जरूरत है हमारी सोच में बुनियादी परिवर्तन की।सब चलता है' और ऐसे ही चलेगा' कहने वाले इस लूट में शामिल हैं। जज्बा तो यह होना चाहिए कि देश सुधरेगा क्यों नहीं?' हम ऐसे ही चलने नहीं देंगे'। अब सूचना क्रांति का जमाना है। हर नागरिक को सरकार




के हर कदम को जांचने-परखने का हक है। इस हथियार का इस्तेमाल पूरी ताकत से करना चाहिए। सरकार चाहे किसी भी दल की क्यों न हो उसमें में जो लोग बैठे हैं, उन्हें भी अपना रवैया बदलने की जरूरत है। एक मंत्री या मुख्यमंत्री रात के अंधेरे में मोटा पैसा खाकर उद्योगपतियों के गैर-कानूनी काम करने में तो एक मिनट की देर नहीं लगाता। पर यह जानते हुए भी कि फलां व्यक्ति या संस्था राज्य के बेकार पड़े संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल कर सकती है, उसके साथ वही तत्परता नहीं दिखाता।आखिर क्यों? जब तक हम सही और अच्छे को बढ़ावा नहीं देंगे, उसका साथ नहीं देंगे,उसके लिए आलोचना भी सहने से नहीं डरेंगे तब तक कुछ नहीं बदलेगा। नारे बहुत दिए जाएंगे पर परिणाम केवल कागजों तक सीमित रह जाएंगे। सरकारों ने अगर अपने अधिकारियों के विरोध की परवाह करते हुए अपने कार्यकालों में कई सक्षम लोगों को यदि खुली छूट न दी होती तो अमूल और मेट्रो जैसे हजारों करोड़ के साम्राज्य कैसे खड़े होते? आम आदमी के लिए रोजगार का सृजन करना हो या देश की गरीबी दूर करना हो, सरकार की नीतियों में बुनियादी बदलाव लाना होगा। केवल आंकड़े ही नहीं साक्षात परिणाम देख कर भी नीति बननी चाहिए।खोजी पत्रकारिता के चार दशक के मेरे अनुभव यही रहे कि बड़े से बड़ा भ्रष्टाचार बड़ी बेशर्मी से कर दिया जाता है पर सच्चाई और अच्छाई का डट कर साथ देने की हिम्मत हमारे राजनेताओं में नहीं है। इसीलिए देश का सही विकास नहीं हो रहा। खाई बढ़ रही है। हताशा बढ़ रही है। हिंसा बढ़ रही है। पर नेता चारों ओर लगी आग देख कर भी कबूतर की तरह आंखें बंद किये बैठे हैं। इसलिए फिर से समाज के मध्यम वर्ग को समाज के हित में सक्रिय होना होगा। मशाल लेकर खड़ा होना होगा। टीवी सीरियलों और उपभोक्तावाद के चंगुल से बाहर निकल कर अपने इर्द-गिर्द की बदहाली पर निगाह डालनी होगी ताकि हमारा खून खौले और हम बेहतर बदलाव के निमित्त बन सकें।विनाश के मूक द्रष्टा नहीं। तब ही हम सही मायने में आजाद हो पाएंगे। फिलहाल तो उन्हीं अंग्रेजों के गुलाम हैं जिनसे आजादी हासिल करने का मुगालता लिए बैठे हैं। हमारे दिमागों पर उन्हीं का कब्जा है जो घटने की बजाय बढ़ता जा रहा है। ये बातें या तो शेखचिल्ली के ख्वाब जैसी लगती हैं या किसी संत का उपदेश। पर ऐसा नहीं है। इन्हीं हालात में बहुत कुछ किया जा सकता है। देश के हजारों लाखों लोग रात दिन निष्काम भाव से समाज के हित में समर्पित जीवन जी रहे हैं। हम इतना त्याग न भी करें तो भी इतना तो कर ही सकते हैं कि अपने इर्द-गिर्द की गंदगी को साफ करने की ईमानदार कोशिश करें। चाहे वह गंदगी हमारे दिमागों में हो, हमारे परिवेश में हो या हमारे समाज में हो। हम नहीं कोशिश करेंगे तो दूसरा कौन आकर हमारा देश सुधारेगा?

-विनीत नारायण-

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक







# सरगुजा नगर निकाय के लिए चुनाव संपन्न

# कुल 64.85 प्रतिशत हुई वोटिंग

## नगर निगम अंबिकापुर के लिए 6 महापौर व 124 वार्ड पार्षद के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला इवीएम में कैद





- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

अंबिकापुर नगर निगम व सीतापुर व लगखनपुर नगर पंचायत के लिए मंगलवार को मतदान संपन्न हुआ। मतदाताओं ने प्रत्याशियों का भाग्य इवीएम में कैद कर दिया है। इनके भाग्य का फैसला मतगणा दिवस 15 फरवरी को होगी। बता दें की अंबिकापुर नगर निगम के मेयर पद के लिए भाजपा से मंजूषा भगत व कांगेस से डॉ. अजय तिर्की सहित 6 प्रत्याशी व 48 वार्ड के पार्षद के लिए 124 उम्मीदवारों का भाग्य इवीएम में कैद कर दिया है। वहीं लखनपुर नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा से सावित्री साहू, कांग्रेस से शिखा रमेश जायसवा व निर्दलीय अनिशा गुप्ता चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा 15 वार्डों के लिए कुल 32 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं सीतापुर नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा से अमृता पैकरा, कांग्रेस से प्रेमदान कुजूर व निर्दलीय गिरधारी राम भगत चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा 15 वार्डों के लिए कुल 40 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन सभी प्रत्याशियों का भी भाग्य मतदाताओं ने इवीएम में कैद कर दिया है। नगर निगम अंबिकापुर व नगर पंचायत लखनपुर व सीतापुर के लिए मतदान सुबह 8 बजे से शुरू हो गई थी। जो शाम 5 बजे तक चली। नगरीय निकाय में मतदान का समय सीमा समाप्त होने 5 बजे तक कुल 64.85 प्रतिशत वोटिंग हुई है। जिसमें अंबिकापुर नगर निगम में 63.10 प्रतिशत, लखनपुर नगर पंचयत के लिए 82.80 व सीतापुर नगर पंचायत के लिए 81.54 प्रतिशत मतदान हुआ है।

निगम से भाजपा की महापौर प्रत्याशी मंजूषा भगत ने सुबह 8 बजे ही मतदान केंद्र में पहले वोटर के रूप में वोटिंग की। वोटिंग के बाद भाजपा प्रत्याशी ने मेयर प्रत्याशी बनाने के लिए पार्टी का आभार जताया तथा कहा कि वे अंबिकापुर की पहली महिला महापौर बनेंगीं। उन्होंने कहा कि मेयर के रूप में शहर की मूलभूत सुविधाओं पर उनका फोकस रहेगा। वहीं कांग्रेस के डॉ. अजय तिर्की ने सुबह 9.30 बजे वोटिंग की। इधर वोटिंग से पहले कांग्रेस से मेयर प्रत्याशी वर्तमान महापौर डॉ. अजय तिर्की नवापारा स्थित चर्च पहुंचे और वहां प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने वोटिंग की। वोटिंग के बाद उन्होंने कहा कि शहर का विकास करना हमारी प्राथमिकता है। कांग्रेस की पूरी टीम इसके लिए शुरु से ही प्रयासरत है। अंबिकापुर नगर निगम के मेयर व पार्षद प्रत्याशी के पक्ष में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव ने गर्ल्स कॉलेज स्थित मतदान केंद्र में मतदान किया। मतदान करने के बाद उन्होंने पत्रकारों से चर्चा की।

### पुलिस और भाजपा वरिष्ठ नेता के बीच तीखी बहस

मतदान के दौरान गांधीनगर मतदान केंद्र के बाहर हंगामे की स्थिति बन गई, जब पुलिसकर्मियों और भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर के बीच तीखी बहस हो गई। घटना उस समय हुई जब भाजपा पार्षद उम्मीदवार विपिन पांडे उर्फ छोटू पंडित मतदान केंद्र के बाहर से मतदाताओं को मतदान के लिए भेज रहे थे। इस पर तैनात पुलिसकर्मियों ने आपत्ति जताई और कहा कि मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) पहले से मौजूद हैं। इस पर भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर भड़क गए और पुलिस से सवाल किया कि उनके प्रत्याशी मतदान केंद्र के गेट के बाहर ही मौजूद रहेंगे, जबकि भीड़ को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी पुलिस की है। इस बहस के चलते मौके पर कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बनी रही। फिलहाल, मतदान केंद्र पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

### युवा मतदाताओं ने स्थानीय निर्वाचन में फर्स्ट टाइम की वोटिंग

स्थानीय आम निर्वाचन 2025 के तहत आज मतदान केंद्र क्रमांक 86, मल्टीपरपज स्कूल में युवा मतदाता सरस्वती और दिव्या भारती ने पहली बार मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दोनों युवाओं ने उत्साहपूर्वक लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेकर अपनी जिम्मेदारी निभाई। सरस्वती ने कहा,पहली बार वोट डालकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। दिव्या ने भी मतदान को नागरिक कर्तव्य बताते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान करना हमारी जिम्मेदारी है।

### दिव्यांग मतदाताओं ने उत्साहपूर्ण किया मतदान

नगरीय निकाय निर्वाचन में दिव्यांग मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे उनके लोकतांत्रिक उत्साह की झलक देखने को मिली। 76 वर्षीय श्रीमती मंजली दास जैसे बुजुर्ग दिव्यांगों ने अपने परिजनों के साथ मतदान केंद्रों का रुख किया। ट्राईसाइकिल पर सवार होकर मतदान करने पहुंची, जो उनके जज्बे को दर्शाता है। इसके अलावा, स्कॉटगाइड के स्वयंसेवकों ने दिव्यांगों को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। और समाज में दिव्यांगों की सक्रिय भागीदारी को भी प्रोत्साहित किया है।

## मैं निश्चिंत हूं और प्रभु से आशीष मांगने चर्च आया हूं' कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी डॉ. अजय तिर्की ने मतदान से पहले चर्च में की प्रार्थना

**कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी डॉ. अजय तिर्की ने मतदान से पहले चर्च में की प्रार्थना..**



कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी डॉ. अजय तिर्की ने मतदान से पहले नवापारा स्थित बेदाग ईश माता महागिरजाघर पहुंचकर प्रार्थना की। उन्होंने अपनी जीत और कांग्रेस के सभी पार्षद प्रत्याशियों की सफलता के लिए प्रभु से प्रार्थना की

डॉ. अजय तिर्की ने कहा, मुझे भगवान के साथ-साथ अंबिकापुर नगर निगम क्षेत्र की जनता पर भी पूरा भरोसा है। मतदान के दिन जनता का समर्थन हमें सकारात्मक परिणाम देगा। इसलिए मैं निश्चिंत हूं और प्रभु से आशीष मांगने चर्च आया हूं।

## विधायक समेत भाजपा नेता पदाधिकारियों ने किया मतदान,जताया चुनाव में जीत भरोसा

अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, लूंड्रॉ विधायक प्रबोध मिंज, महापौर प्रत्याशी मंजूषा भगत, भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, निकाय चुनाव संयोजक अखिलेश सोनी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केशरी, जिला संवाद प्रमुख संतोष दास, भाजपा वरिष्ठ नेता प्रेमकुमार शर्मा, करताराम गुप्ता, जिला सह संवाद प्रमुख रूपेश दुबे, जिला सह कोषाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, बीजेपी दक्षिणी मंडल अध्यक्ष कमलेश तिवारी तथा पार्षद रविंद्र गुप्ता भारती सहित भाजपा के प्रमुख पदाधिकारीयों ने आज मतदान कर नगरीय निकाय चुनाव में अपनी सहभागिता दिखाई। लोकतंत्र महापर्व के इस अवसर पर सभी नेताओं ने नगर निगम अंबिकापुर सहित नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का भरोसा जताया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने अंबिकापुर नगर पालिक निगम, सीतापुर तथा लखनपुर नगर पंचायत में आम जनता ने भाजपा को इस बार अपना आशीर्वाद दिया है। 15 फरवरी को तीनों जगह भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

## संभागयुक्त एवं आईजी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

नगरीय निकायों में महापौर, अध्यक्ष एवं पार्षदों के लिए मतदान हुआ। सरगुजा संभागयुक्त नरेन्द्र दुग्गा एवं सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग द्वारा मतदान केंद्रों में चल रहे मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने नगर पालिक निगम अम्बिकापुर के मतदान केंद्र क्रमांक 75, 76, 77, 109, 107, 108, 84, 85, 86, 99, 100, 101, 102 का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों में चल रहे मतदान कार्यों का जायजा लेकर सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

## सास-बहू की जोड़ी ने निभाई मतदान की जिम्मेदारी

नगरीय निकाय निर्वाचन के अंतर्गत आयोजित मतदान प्रक्रिया में नगर निगम पालिका के मल्टीपरपज स्कूल स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 86 पर एक अनूठी जोड़ी ने मतदान कर लोकतंत्र की मिसाल पेश की। 70 वर्षीय बेला देवी ने अपनी बहू अनिता कन्हैया के साथ मतदान कर अपनी नागरिक जिम्मेदारी निभाई। बेला देवी ने बताया कि वह पिछले कई दशकों से लगातार मतदान कर रही हैं और इस बार भी उन्होंने अपनी बहू के साथ मिलकर लोकतंत्र के महत्वपूर्ण प्रक्रिया में भाग लिया है। उन्होंने कहा, मतदान हर नागरिक का अधिकार और कर्तव्य है। हमें अपने वोट का सही उपयोग करना चाहिए ताकि अच्छे जनप्रतिनिधि का चुनाव कर सके। उनकी बहू अनिता कन्हैया ने कहा कि मैं हमेशा से अपनी सास के साथ मतदान करने की प्रेरणा लेती हूं। उनका अनुभव और समर्पण मेरे लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने ने कहा कि हमने मतदान कर समाज और लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई हैं।

## 85 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता ने उत्साह पूर्वक किया मतदान

लोकतंत्र के इस महापर्व में बुजुर्गों में मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 85 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता सुंदर कन्नौजिया आज शासकीय प्राथमिक शाला पुलिस लाइन स्थित मतदान केंद्र में मतदान करने पहुंची। उन्होंने मतदान के लिए लाइन लगकर अपनी बारी का इंतजार कर मतदान किया। वोटिंग प्रक्रिया में भाग लेकर उनके चहरे पर एक अलग उत्साह देखने को मिला।

# बलरामपुर जिले के नगरीय निकाय चुनाव में 79.85 प्रतिशत मतदान

## नगरीय निकाय चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से हुआ सम्पन्न

- संवाददाता -
बलरामपुर,11 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में नगरीय निकाय चुनाव 2025 में नगर पालिक परिषद बलरामपुर एवं नगर पालिका रामानुजगंज तथा नगर पंचायत वाड्रफनगर, राजपुर व कुसमी में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ। जिले के पांचों नगरीय निकाय चुनाव में कुल 79.85 प्रतिशत् मतदान हुआ जिसमें नगर पालिका परिषद् बलरामपुर में 80.16 प्रतिशत, नगर पालिका परिषद रामानुजगंज में 78.82 व नगर पंचायत वाड्रफनगर में 81.47, राजपुर में 83.95 व कुसमी में 77.72 प्रतिशत् मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। नगरीय निकाय निर्वाचन में नये युवा मतदाताओं में अपने प्रतिनिधि चुनने तथा लोकतंत्र के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करने हेतु गजब का उत्साह देखा गया। मतदान केन्द्रों में दिव्यांग, वयोवृद्ध एवं महिला मतदाताओं द्वारा भी उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया, साथ ही मतदाताओं ने सेल्फी वोटर जोन में फोटो भी खिंचवाई। सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ सेक्टर अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी तैनात थे तथा उन्होंने लगातार अपने क्षेत्रों में घूमकर शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराया।





### 92 वर्षीय मानवरति देवी व 78 वर्षीय परम ज्योति ने निभाई अपनी जिम्मेदारी

नगरीय निकाय निर्वाचन में बलरामपुर नगर पालिका परिषद से वार्ड नंबर 15 से 92 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता मानवरति देवी ने मतदान कर अपनी सहभागिता दिखाई। मानवर्ती देवी ने अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 92 वर्ष की उम्र में भी मतदान करना न केवल युवा पीढ़ी बल्कि पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा है। मानवर्ती देवी ने मतदान कर संदेश दिया कि मतदान करने में उम्र या स्वास्थ्य जैसी समस्याएं नही होती तथा लोकतंत्र में हर व्यक्ति का मत महत्वपूर्ण है और नागरिकों को अपने अधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद रामानुजगंज के वार्ड 13 की निवासी 78 वर्षीय बुजुर्ग महिला मतदाता श्रीमती परमज्योति पासवान भी अपने मतदान केन्द्र में मतदान करने पहुँची। उनके परिवार ने बताया कि वह कल से ही मतदान के लिए बेहद उत्साहित थे और अपनी तबीयत को नजरअंदाज करते हुए वोट देने की जिद पर अडी हुई थी। परिवार के सदस्यों ने उनकी यह इच्छाशक्ति देखकर मतदान केंद्र पर लाकर उनकी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी पूरी कराई।



# भारत में होगा अगला एआई शिखर सम्मेलन, प्रधानमंत्री मोदी ने मेजबानी मिलने पर जताई खुशी

**पेरिस, 11 फरवरी 2025।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पेरिस में एआई एआई एक्शन समिट की सह अध्यक्षता की। समिट के दौरान उन्होंने अगले एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी की पेशकश की। पीएम मोदी ने कहा कि शिखर सम्मेलन में हुई चर्चाओं में सामने आया है कि हितधारकों के दृष्टिकोण और उद्देश्य में एकता है। इस एक्शन शिखर सम्मेलन की गति को आगे बढ़ाने के लिए भारत अगले शिखर सम्मेलन की मेजबानी करके खुश होगा। उन्होंने एआई फाउंडेशन और एआई परिषद की स्थापना के निर्णय का स्वागत किया। साथ ही फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों को बधाई दी।



समिट के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने कहा कि अगला एआई शिखर सम्मेलन इस साल के अंत में भारत में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एआई पर भारत की नीति नवाचार की संभावना और संभावित नुकसानों के बारे में जागरूक होने के साथ-साथ अधिक उत्पादकता और अवसर प्रदान करने पर रही है। भारत ने समावेशी और टिकाऊ एआई पर नेताओं के बयान का समर्थन किया है और सार्वजनिक हित के लिए एआई को लेकर प्रतिबद्धता व्यक्त की है। भारत ने एआई फाउंडेशन और एआई परिषद की स्थापना का समर्थन किया है।

उन्होंने कहा कि हमने G20 में भी एआई को शामिल किया है। G20 घोषणापत्र के एक हिस्से में इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया है कि एआई और समावेशी एआई के संदर्भ में क्या किए जाने की आवश्यकता है। अफ्रीकी संघ और विभिन्न अन्य संस्थाओं को G20 में लाया गया था, इसलिए यह बिल्कुल स्पष्ट था कि हम इस विशेष स्थान में ग्लोबल साउथ के लिए बोल रहे थे। हमारे पास पहले से ही 17 देशों के साथ समझौता ज्ञापन हैं और यह बढ़ रहा है। आज प्रधानमंत्री ने कहा कि समावेश की आवश्यकता है और ग्लोबल साउथ को इसमें शामिल होने की आवश्यकता है। अगले शिखर सम्मेलन में भी हम यह सुनिश्चित करेंगे कि ग्लोबल साउथ का पर्याप्त प्रतिनिधित्व हो।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने कहा कि अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने भी कहा कि साइबर सुरक्षा और डीपफेक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जिन पर विचार किया जाना चाहिए और कुछ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। हमारे कानून में डीपफेक और गलत बयानी से निपटने के लिए कई प्रावधान हैं। आईटी एक्ट और बीएनएस में प्रावधान हैं। इसके तहत कानून लागू करने वाली एजेंसियां, पुलिस और दूसरी एजेंसियां कार्रवाई करती हैं। इस मामले में हम पूरी तरह से संविधान के तहत काम करते हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(2) के तहत बोलने की आजादी पर कुछ प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। डीपफेक के साथ बस एक ही बात है कि इसकी तकनीक बेहतर होती जा रही है। इसलिए इसका पता लगाने में थोड़ी देरी हो रही है। हम जल्द से जल्द इसका पता लगाने के लिए अच्छी तकनीक का इस्तेमाल करना चाहेंगे।

**शिखर सम्मेलन भारत-फ्रांस की रणनीतिक साझेदारी का नया पहलू मिस्त्री**

समिट के बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी कल फ्रांस की यात्रा पर पेरिस पहुंचे। जहां उन्होंने एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री का पेरिस में भारतीय समुदाय ने बहुत गर्मजोशी और उत्साहपूर्ण पारंपरिक स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों द्वारा आयोजित रात्रिभोज में भाग लिया। इसमें राज्य और सरकार के प्रमुखों और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों, तकनीकी उद्यमी भी शामिल हुए। रात्रिभोज में प्रधानमंत्री ने कई नेताओं और उद्यमों के प्रतिनिधियों से बातचीत की। सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने एक साथ एआई शिखर सम्मेलन के पूर्ण सत्र की सह-अध्यक्षता की। यह शिखर सम्मेलन भारत-फ्रांस की बढ़ती रणनीतिक साझेदारी में एक और पहलू जोड़ता है। यह कई क्षेत्रों में सहयोग के हमारे ट्रैक रिकॉर्ड मजबूत करता है।

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सम्मेलन के दौरान एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार कारिस के साथ द्विपक्षीय बैठक की। यह दोनों नेताओं के बीच पहली बैठक थी और दोनों ने विशेष रूप से आईटी और डिजिटल क्षेत्र सहित कई क्षेत्रों में बढ़ते द्विपक्षीय सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। दोनों देशों के बीच संस्थागत और लोगों के बीच जुड़ाव बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। इसके बाद शाम को प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति संयुक्त रूप से भारत-फ्रांस सीईओ फोरम को संबोधित करेंगे और इसके बाद प्रधानमंत्री मार्सिले के लिए रवाना होंगे, जहां उनके और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच द्विपक्षीय मुलाकात की भी संभावना है।

# सड़क घेरकर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के मामले में पुलिस ने की कार्रवाई

- संवाददाता -

**अंबिकापुर, 11 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

विगत दिनों सरगुजा पुलिस कों एक विडिओ प्राप्त हुआ था, जिसमे कई वाहन चालक एक के बाद एक कई चारपाहिया वाहन लगाकर सडक़ कों घेरकर काफी खतरनाक एवं लापरवाही पूर्वक कट मारकर वाहन चला रहे थे। जिससे आम नागरिकों कों सडक़ मे चलने मे काफी परेशानी एवं असुविधा का सामना करना पड़ा। मामले को संज्ञान मे लेकर पुलिस अधीक्षक सरगुजा योगेश पटेल द्वारा उक्त विडिओ में सडक़ घेरकर खतरनाक एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर कट मारने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई किये जाने के दिशा निर्देश दिए गये थे। इसी क्रम में थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा व्हाट्सअप में प्राप्त विडिओ के अवलोकन करने पर उक्त घटनास्थल सरगवां रोड़ थाना गांधीनगर क्षेत्र का होना पाया गया, सडक़ में 10-12 चार पहिया वाहन में आरोपियों द्वारा पुरा सडक़ घेरकर काफी खतरनाक एवं लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाना पाया गया। वाहनों की पहचान करने पर मौके पर चारपहिया वाहन क्रमांक सीजी/12/बीसी/0407, सीजी/15/एई/0001, सीजी/15/ईए/9100, सीजी/15/ईसी /2827, जेएच/01/डीवाय/5616, जेएच/01/डी डब्लू/3832, सीजी/15/डीवाय/8122, जेएच/01/डीजेड/0041 एवं अन्य चार पहिया वाहन दिखा, जो पता करने पर दिनांक 1 फरवरी 25 के सायं 4 बजे से 8 बजे के मध्य उक्त वाहन शंकरघाट रोड से निकलकर सरगवां की तरफ जाना पाया गया है। वाहन चालकों द्वारा काफी खतरनाक एवं लापरवाही पूर्वक कट मारकर वाहन चलाया जा रहा था जिससे आम राहगीरों को सडक़ में चलने में काफी परेशानी एवं असुविधा का सामना करना पड़ा है। उपरोक्त आरोपियों का कृत्य अपराध सदर धारा का पाये जाने से थाना गांधीनगर में धारा 281 बीएन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर मामले मे अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं।

## आवारा कुत्ते ने 5 लोगों पर किया हमला,दो बच्चे भी शामिल

- संवाददाता -

**अंबिकापुर, 11 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंधला व रजपुरीकला में आवारा कुत्ते ने 5 लोगों को काटकर घायल कर दिया। इनमें 2 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं 2 लोग रिश्तेदार के घर जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। सभी घायलों को लखनपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां इन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। सरगुजा जिले के ग्राम जरहाडीह रघुनाथपुर निवासी जगमोहन 45 वर्ष व बलरामपुर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रेवापुर निवासी लालसाय 29 वर्ष अपने रिश्तेदार के जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने सोमवार को लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अंधला आए थे। इसी बीच शाम को दोनों को आवारा कुत्ते ने काट लिया। इसके अलावा इसी गांव में रहने वाले जनेश दास पिता खिलावन 10 वर्ष तथा रायगढ़ निवासी बबीता राठिया पिता इतवार को भी कुत्ते ने काट लिया। चारों को लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें छुट्टी दे दी। इधर लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रजपुरीकला निवासी 6 वर्षीय रियांश पिता शिवदर्शन के ऊपर भी एक आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। इस दौरान बालक अपने घर के बाहर खेल रहा था। उसे भी लखनपुर अस्पताल ले जाया गया। यहां इलाज के बाद परिजन उसे घर ले गए।

# सास-बहू की जोड़ी ने निभाई मतदान की जिम्मेदारी

- संवाददाता -

**अम्बिकापुर, 11 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के अंतर्गत आयोजित मतदान प्रक्रिया में नगर निगम पालिका के मल्टीपरपज स्कूल स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 86 पर एक अनूठी जोड़ी ने मतदान कर लोकतंत्र की मिसाल पेश की। 70 वर्षीय श्रीमती बेला देवी ने अपनी बहू श्रीमती अनिता कन्हैया के साथ मतदान कर अपनी नागरिक जिम्मेदारी निभाई।

श्रीमती बेला देवी ने बताया कि वह पिछले कई दशकों से लगातार मतदान कर रही हैं और इस बार भी उन्होंने अपनी बहू के साथ मिलकर लोकतंत्र के महत्वपूर्ण प्रक्रिया में भाग लिया है। उन्होंने कहा, ÷मतदान हर नागरिक का अधिकार और कर्तव्य है। हमें अपने वोट का सही उपयोग करना चाहिए ताकि अच्छे जनप्रतिनिधि का चुनाव कर सकें।

उनकी बहू श्रीमती अनिता कन्हैया ने भी इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, ÷मैं हमेशा से अपनी सास के साथ मतदान करने की प्रेरणा लेती हूं। उनका अनुभव और समर्पण मेरे लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने ने कहा कि हमने मतदान कर समाज और लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई हैं।



# नगरी निकाय चुनाव लखनपुर में 82.80% हुआ मतदान कलेक्टर ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण





» विधायक राजेश अग्रवाल आदर्श मतदान केंद्र और अध्यक्ष पार्षद प्रत्याशियों ने अपने मतदान केंद्रों में किया मतदान

» हल्दी रस्म से उठकर युवती पहुंची मतदान केंद्र अपने मताधिकार का किया प्रयोग

- संवाददाता -

**लखनपुर, 11 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

लखनपुर नगर पंचायत चुनाव 2025 शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। 11 फरवरी दिन मंगलवार को प्रातः 8 बजे से मतदान प्रारंभ हुआ सुबह से ही मतदाता मतदान केंद्र पहुंचे अपना वोट डाला और शाम 5 बजे 82.80त्नमतदान हुआ। जिसमें 84.98त्न पुरुष मतदाता 80.84त्न महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।सभी प्रत्याशियों की किस्मत अब ईवीएम मशीन में कैद हो चुकी है। 15 फरवरी को चुनाव परिणाम सामने आयेंगे। मंगलवार की दोपहर जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर ने निर्वाचन अधिकारियों के साथ लखनपुर के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया तथा मतदान के संबंध में जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों कर्मचारियों को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न कराने निर्देशित किया। अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल अपने गृह क्षेत्र लखनपुर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 7 पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय आदर्श मतदान केंद्र पहुंच मतदाताओं के साथ लाइन लगकर अपना मतदान किया साथ ही सभी नगर वासियों को अधिक से अधिक मतदान करने अपील भी किया।वही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती सावित्री साहू ने वार्ड क्रमांक 2, निर्दलीय प्रत्याशी अनिशा गुप्ता ने वार्ड क्रमांक 3 और कांग्रेस प्रत्याशी सीखा जायसवाल ने वार्ड क्रमांक 12 में मताधिकार का प्रयोग किया साथ ही लखनपुर नगर पंचायत के 15 वालों के भाजपा कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपने-अपने मतदान केंद्रों में मतदान किया है। लखनपुर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 1 निवासी कविता मिंज पिता घासीराम मिंज ने हल्दी रस्म से उठकर मतदान केंद्र पहुंच अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लखनपुर नगर पंचायत के

सभी 15 वार्डों के लिए अलग-अलग मतदान केंद्र वार्डों में बनाया गया था। सभी मतदान केंद्रों में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ।

# सड़कों पर छात्रों का जमकर हंगामा,यातायात नियमों की उड़ाई धज्जियां.. खतरनाक स्टंट से राहगीर हुए परेशान









- संवाददाता -

**अंबिकापुर, 11 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

शहर में 8 फरवरी को एक गंभीर और अराजक घटना सामने आई, जब एक स्कूल के फेयरवेल समारोह के दौरान छात्रों ने कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए यातायात नियमों का खुला उल्लंघन किया। बताया जा रहा है कि यह वीडियो ओरियंट पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा किया गया है, जिसमें नाबालिग छात्र तेज रफ्तार में गाड़ियां दौड़ाते और खतरनाक स्टंट करते नजर आ रहे हैं।

छात्रों ने शहर के व्यस्ततम अंबिकापुर के विभिन्न रोड पर बाइक और कारों से तेज रफ्तार में स्टंट किए। ज़िग-ज़ैग ड्राइविंग और बेलगाम वाहन दौड़ाने की वजह से सड़क पर चल रहे अन्य राहगीरों की जान को खतरा उत्पन्न हो गया। रिंग रोड शहर का मुख्य व्यावसायिक और परिवहन मार्ग है, जहां 24 घंटे भारी वाहन चलते हैं। ऐसे संवेदनशील स्थान पर इस तरह की लापरवाही से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था।



इस स घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल स्कूल प्रशासन की जिम्मेदारी पर उठ रहा है। क्या प्राचार्य और शिक्षकों को इस बात की जानकारी नहीं थी कि उनके छात्र इस तरह की हरकत कर सकते हैं? क्या स्कूल ने छात्रों को अनुशासन में रखने के लिए कोई कदम उठाया था? क्या अभिभावकों को यह पता था कि उनके बच्चे कानून तोड़ने वाले हैं? यदि स्कूल प्रशासन को इस घटना की जानकारी थी और उन्होंने इसे रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया, तो यह उनकी लापरवाही दर्शाता हैं

वहीं, यदि उन्हें इसकी भनक भी नहीं थी, तो यह उनकी प्रशासनिक नाकामी और स्कूल की अनुशासनहीनता को उजागर करता है। इतनी बड़ी घटना के बावजूद यातायात पुलिस ने तत्काल कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिससे उनकी निष्क्रियता भी सामने आई है। अब सवाल उठता है कि क्या प्रशासन इस मामले में कोई कड़ी कार्रवाई करेगा?

यातायात प्रभारी विजय कैवर्त्य ने बताया कि इस मामले में एसपी ने निर्देश दिया है। वीडियो में अधिकत्तर वाहनों के वाहन क्रमांक दिख रहे है उस आधार पर रजिस्टर्ड नंबर से मोबाइल नंबर निकाले जा रहे हैं। मोबाइल नंबर के माध्यम से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। जिसमें कुछ गाड़ियां किराए कीभी है वाहन मालिकों को बुलाकर पूछताछ की जाएगी।गाड़ियों पर चलानी कार्रवाई के साथ अधिक से अधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जेल में बंद एनडीपीएस के आरोपी के नाम पर युवक डालने पहुंचा था वोट,भाजयुमो नेता ने दबोचा तो की गई हाथापाई

### शहर के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 31 के पोलिंग बूथ क्रमांक 1 में डालने पहुंचा था फर्जी वोट, भाजयुमो नेता ने कांग्रेस पर फर्जी वोटिंग का लगाया आरोप

- संवाददाता -

**अंबिकापुर, 11 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

अंबिकापुर नगर निगम चुनाव में फर्जी वोटिंग कराने की शिकायत भी मिल रही है। इसी कड़ी में शहर के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 31 में फर्जी वोटिंग की शिकायत भाजयुमो नेता वेदांत तिवारी ने की है। उन्होंने बताया कि एनडीपीएस के मामले में जेल में बंद आरोपी के नाम पर एक युवक वोट डालने आया था। भाजपा के बूथ एजेंट ने उसकी पहचान की। बाद में वे वहां पहुंचे तो फर्जी वोट डालने आए युवक के पक्ष में एक समुदाय विशेष के लोगों ने उनसे झूमाझटकी शुरु कर दी। इस बीच फर्जी वोटर भाग निकला।



भाजयुमो नेता वेदांत तिवारी ने बताया कि लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 31 के पोलिंग बूथ क्रमांक 1 में सुबह खैरुल नामक युवक के नाम पर फर्जी वोट डालने कोई और युवक पहुंचा था। इस दौरान मतदान केंद्र के भीतर मौजूद पोलिंग बूथ एजेंट ने उसे पहचान लिया और इसकी सूचना पर वे पहुंचे।

युवक को पकडक़र मतदान केंद्र से बाहर लाया गया। इस दौरान एक समुदायि विशेष के करीब 2 दर्जन लोगों ने उन्हें घेर लिया और झूमाझटकी की। इस बीच युवक वहां से भाग निकला।

### युवती के हाथ में स्याही लगाकर कहा...हो गया मतदान

भाजयुमो नेता वेदांत तिवारी ने बताया कि लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के पोलिंग बूथ में ही दोपहर को एक युवती वोट डालने पहुंची थी। इस दौरान उसकी अंगुली पर स्याही लगाकर कहा गया कि आपकी वोटिंग फेक्र वोटिंग हो गई। इस पर युवती ने आपत्ति जताई।

जेल में बंद एनडीपीएस के आरोपी के नाम पर युवक डालने पहुंचा था वोट, भाजयुमो नेता ने दबोचा तो की गई हाथापाई यह जानकारी जब उन्हें लगी तो उन्होंने एडिशनल कलेक्टर व एसडीएम को मोबाइल से सूचना दी। सूचना मिलते ही दोनों अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद युवती को टेंडर वोट डलवाया गया। उन्होंने कांग्रेस के वार्ड 31 के पार्षद प्रत्याशी पर फर्जी वोटिंग का आरोप लगाया है।



# एमसीबी निकाय चुनाव में 62.46 प्रतिशत हुआ मतदान...

**स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मतदान दिवस में भी रहे सक्रिय / वार्ड के लगभग बूथ सेंटर में बैठ लिया मतदान का जायजा / दोनों राष्ट्रीय पार्टियों ने अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए अंतिम समय तक झोंकी ताकत**

## स्वास्थ्य मंत्री स्वयं तैनात रहे पोलिंग सेंट्रो में...40 वार्डों में किया इन्होंने दौरा,शातिपूर्ण ढंग से एमसीबी जिले का निकाय चुनाव हुआ सम्पन्न





-रवि सिंह-
एमसीबी/चिरमिरी,11 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

एमसीबी जिले के एक नगर पालिक निगम, एक नगर पालिका और चार नगर पंचायत के मेयर, अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए जनता ने जनादेश दिया। सुबह 08 बजे से शुरू हुआ मतदान का पर्व शाम 05 बजे थमा। बड़ी संख्या में मतदाताओं की उपस्थिति और महिलाओं में मतदान को लेकर खासा उत्साह दिखा। इस नगरीय निकाय 2025 के चुनावी पर्व में प्रत्याशियों के नाम की घोषणा होने के



बाद से लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहे स्थानीय विधायक व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मतदान के दिन भी सुबह से ही वार्ड के सभी पोलिंग सेंटरों में अपना दौरा बनाए रखे। इस दौरान आम जनता से मुलाकात के साथ साथ चुनावी जंग में शामिल प्रत्याशियों से बात की और कुछ देर सेंटर में बैठकर जनता का नब्ज भी टटोला।

चिरमिरी के हल्दीबाड़ी बूथ सेंटर में मीडिया से रूबरू हुए मंत्री ने कहा कि चिरमिरी सदैव से भारतीय जनता पार्टी का गढ़ रहा है और जनता ने डबल इंजन की सरकार बनाई है। भाजपा ने इस विधानसभा को सरकार में मंत्री दिया है इसलिए लोगों को बड़ी उम्मीदें है, बड़ा उत्साह है विकास को लेकर, सौंदर्यीकरण को लेकर और यही कारण है कि आज भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में पूरा चिरमिरी शहर है। भाजपा का मेयर प्रत्याशी राम नरेश राय और 40 वार्ड पार्षद प्रत्याशी प्रचंड मत से विजय होंगे। श्री जायसवाल ने प्रतिष्ठा दाव के मामले में कहा कि भारतीय जनता पार्टी जब चुनाव लड़ती है तो उसके एक एक कार्यकर्ता और पार्टी की प्रतिष्ठा दाव पर रहती है और एक कार्यकर्ता होने के नाते मेरी भी प्रतिष्ठा दाव पर लगी थी इसलिए आप देख भी रहे होगे कि चिरमिरी डबल इंजन को पुश करने के लिए ट्रिपल इंजन के पक्ष में जनता जनार्दन मतदान कर रही है। नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत सहित वार्ड में भाजपा प्रत्याशी जीत का स्वाद चखेंगे।

### जिले में निकाय चुनाव में 62.46 प्रतिशत हुआ मतदान

जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में चुनावी प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। लोकतंत्र के इस महापर्व में जनता ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिले के छह प्रमुख नगरीय निकायों नगरपालिका निगम चिरमिरी, नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़, नगर पंचायत झगराखाण्ड, नगर पंचायत खोंगापानी, नगर पंचायत नई लेदरी और नगर पंचायत जनकपुर में मतदान का प्रतिशत काफी उत्साहजनक रहा। पूरे जिले में कुल मतदाता संख्या 66,234 है, जिसमें 32,532 पुरुष और 33,702 महिला मतदाता शामिल हैं। खास बात यह रही कि महिलाओं ने पुरुषों की तुलना में अधिक मतदान किया, जिससे यह साबित होता है कि वे अब लोकतांत्रिक प्रक्रिया में पहले से अधिक सक्रिय हो गई हैं। नगरपालिका निगम चिरमिरी जिले का सबसे बड़ा नगरीय निकाय है। यहां कुल 40 वार्ड हैं और मतदान प्रतिशत 60.49 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिसमें पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने अधिक मतदान किया। यह उत्साहजनक संकेत है कि महिलाएं अब अपने मताधिकार को लेकर अधिक जागरूक हो रही हैं। मनेन्द्रगढ़ नगर में कुल 22 वार्ड हैं, मतदान प्रतिशत 59.97 प्रतिशत रहा, जिसमें महिलाओं ने पुरुषों से अधिक मतदान किया। झगराखांड में मतदान प्रतिशत 77.54 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो जिले में सबसे अधिक है। यहां महिलाओं ने 78.32 प्रतिशत और पुरुषों ने 76.71 प्रतिशत मतदान किया। यह दर्शाता है कि झगराखांड के लोग लोकतांत्रिक प्रक्रिया को लेकर अत्यधिक जागरूक हैं। वहीं, खोंगापानी नगर पंचायत में मतदान प्रतिशत 62.65 प्रतिशत रहा। यहां भी महिलाओं ने पुरुषों की तुलना में अधिक मतदान किया। नई लेदरी में मतदान प्रतिशत 73.7 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो जिले के औसत मतदान प्रतिशत से अधिक है। महिलाओं की भागीदारी यहां भी पुरुषों की तुलना में अधिक रही। जनकपुर में मतदान प्रतिशत 73.81 प्रतिशत रहा। यहां पर पुरुषों का मतदान प्रतिशत महिलाओं से थोड़ा अधिक रहा, जो जिले के अन्य निकायों से अलग स्थिति दिखाता है। पूरे जिले की बात करें, तो कुल मतदान प्रतिशत 62.46 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिसमें पुरुषों का मतदान प्रतिशत 60.94 प्रतिशत और महिलाओं का मतदान प्रतिशत 64.01 प्रतिशत रहा। यह जानकारी 4ः00 बजे तक के मतदान के अनुसार है।

## लोकतंत्र के महापर्व पर लोगों में दिखा उत्साह

-संवाददाता-
सूरजपुर,11 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नगरीय निकायों में आज मतदान किया जा रहा है। जिले में स्थित सभी नगरीय निकायों के मतदान केन्द्रों में मतदान सुबह 8 बजे से शुरू हो गया। नगरपालिका परिषद सूरजपुर के सभी मतदान केन्द्र सहित नगर पंचायत बिश्रामपुर, प्रतापपुर , जरही और भटगांव के सभी बूथों में मतदाता सुबह से ही कतार में लगकर अपनी बारी का



कुछ वार्डों में ईवीएम मशीन खराब होने की सूचना

इंतजार करते हुए नजर आए। मतदान केन्द्रों में युवा मतदाताओं के अलावा महिला, वृद्ध और निःशक्तजनों ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह आठ बजे से जिले के सभी पोलिंग बूथों में एक साथ मतदान शुरू हो गया, जहां मतदान अधिकारी क्रमशः उपस्थित मतदाताओं के दस्तावेज का परीक्षण कर ईव्हीएम मशीन के जरिए मतदान कराया। ईव्हीएम मशीन में अध्यक्ष और पार्षद के लिए वोट करते समय दो बार बटन दबाया जा रहा है। इससे शीघ्रता से वोटिंग सम्पन्न हो रही है। इसके अलावा नगर पालिका परिषद सूरजपुर के वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 में ईवीएम मशीन खराब होने से काफी देर तक वोटिंग रुका रहा जिससे मतदाताओं की लंबी लाइन लगी रही लोगों ने प्रशासन के प्रति नाराजगी भी जाहिर की

## जिले के सभी नगरीय निकायों के मतदान केंद्रों में मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुचारू ढंग से संपन्न

-संवाददाता-
सूरजपुर,11 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

जिले के नगर वासियों ने क्षेत्र की चहुंमुखी विकास के लिए आज नगरी निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिका परिषद सूरजपुर, नगर पंचायत बिश्रामपुर, जरही, भटगांव व प्रतापपुर में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एस जयवर्धन के मार्गदर्शन में आज प्रातः 8:00 बजे से शाम 5 बजे तक हुए मतदान में प्राप्त अंतिम जानकारी के अनुसार 65.32 प्रतिशत मतदान के साथ जिले के सभी नगरीय



निकायों के मतदान केंद्रों पर, मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुचारू ढंग से संपन्न हुई। मतदान करने पहुंचे मतदाताओ ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

गौरतलब है कि मत देने आए सभी वर्गों के मतदाताओं में मतदान को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान नगर विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने बड़ी संख्या में दिव्यांग मतदाताओ ने भी अपना मताधिकार का प्रयोग किया साथ ही मतदान के प्रति जिले के वोटरों को जागरूकता का संदेश भी दिया। वोटिंग के दौरान कलेक्टर श्री जयवर्धन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत ठाकुर एवम जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षक श्री प्रणव सिंह द्वारा विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर मतदान की विस्तु स्थिति का जायजा लिया गया। मतदाताओं के सुविधा के लिए सूरजपुर, विश्रामपुर, प्रतापपुर इत्यादि स्थानों पर आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किये गए थे। जहां आने वाले मतदाताओं के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई थी। इसके साथ ही मतदान केन्द्रों में सेल्फी बूथ स्थापित किये गए थे। जो की युवा वर्ग के लिए खासा आकर्षण का केंद्र था। मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात सभी ईवीएम मशीनों को निर्धारित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित संधारित किया गया है। जिसकी गणना हेतु निर्धारित तिथि 15 फरवरी सुनिश्चित है।

## भाजपा पर प्रलोभन देकर मतदान करने का आरोप कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी ने लगाया

**चुनाव के दौरान भाटी जा रही थी पार्टी जिसका कांग्रेस प्रत्याशी ने किया विरोध,शिकायत के बाद पुलिस ने बाल्टी किया जप्त पर अभी तक कार्यवाही नही**





-शमरोज खान -
सूरजपुर,11 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

चुनाव में अक्सर मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया जाता है और कम से नहीं मतदाताओं को लुभाकर ही चुनाव जीतने का प्रयास लगभग मतदाताओं व राजनीतिक पार्टियों का रहता है कुछ ऐसा ही मामला सूरजपुर नगर पालिका चुनाव में मतदान के दिन ही देखने को मिला जब वार्ड नंबर 12 में भाजपा वार्ड पार्षद प्रत्याशी के बेटा सहित कार्यकर्ता मतदाताओं में बाल्टी बांट रहे थे जिसे कांग्रेसियों ने देख लिया तो वह बाल्टी छोड़कर भाग निकले इसके बाद कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी के पति बाल्टी को लेकर भाजपा प्रत्याशी के घर के सामने रखकर काफी देर विरोध दर्ज कराया, इसके बाद पुलिस वहां पर पहुंचकर बाल्टी को जप्त कर ली पर समस्या यह है की बाल्टी के साथ कोई भी नहीं मिला, पुलिस बाल्टी लावारिस हालत में ही जप्त कार्यवाही करने की बात कही।

सूरजपुर में नगरीय निकाय चुनाव गहमागहमी के बीच सम्पन्न हुआ दरअसल मतदान के दौरान भाजपा प्रत्याशी पर चुनाव को प्रभावित करने के आरोप कांग्रेस प्रत्याशी के अभ्यर्थी ने लगाए हैं, दरअसल नगर पालिका सूरजपुर के वार्ड क्रमांक 12 में मतदान के दौरान वार्ड में मतदाताओं को बाल्टी बांटने के आरोप लगे हैं, कांग्रेस अभ्यर्थी प्रवेश गोयल का कहना है कि भाजपा प्रत्याशी के बेटे और उनके लोगों द्वारा गाड़ी में रखकर वार्डवासियों को बांटने लाया गया था, जिसे देख कांग्रेस प्रत्याशी के अभ्यर्थी व कार्यकर्ताओं ने रुकवाने की कोशिश की लेकिन जबतक वह बाल्टी फेंक वहां से फरार हो गए, जिसके बाद कांग्रेसियों ने करीब दो दर्जन बाल्टी को उठाकर भाजपा प्रत्याशी के घर के सामने लाकर रख दिया और घंटों हंगामा करते रहे, जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई, लोगों को समझाइश, देकर पुलिस ने बाल्टी को जप्त कर लिया, पुलिस की माने तो वह इस पूरे मामले की जांच कर रही है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


**न्यायालय लिंक कोर्ट देवनंर तहसील रामानुजनगर जिला-सूरजपुर.छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0 ब-121/2021-22-25
ग्राम अगस्तपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका प्रमिला आ0 /पति लखन जाति पनिका निवासी ग्राम अगस्तपुर लिंक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर,छ0ग0 द्वारा आवेदक /आवेदिका अपने दादी स्व0 मनबसीया का विलम्ब/ मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीयन कराने बावत् अनुलब्धता प्रमाण पत्र मय अन्य सहायक दस्तावेज के साथ न्यायालय में आवेदन पत्र पेश किया गया है मृत्यु दिनांक 24/10/2018

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विविध प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 20/02/2025 को न्यायालीन समयवधि में उपस्थित कर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। उसके पश्चात दावा आपत्ति में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/02/2025 को न्यायालीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

(सील)
नायब तहसीलदार
लिंक कोर्ट देवनगर
रामानुजनगर जिला
सूरजपुर



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बृजेश पाण्डेय पिता स्व0 केदार नाथ पाण्डेय जाति ब्राम्हण निवासी चोपड़ापारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 खसरा नंबर 72/4 रकबा 0.101 हे0 में से 0.030 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय/व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।


अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि 26/02/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील)
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अंबिकापुर



# पटना के पहले नगर सरकार के गठन के लिए प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद



**प्रत्याशियों ने खुद डाला वोट...नगरवासियों से भी वोट डालने की सोशल मीडिया पर अपील...नगर पंचायत पटना में हुआ करीब 85 प्रतिशत मतदान...कलेक्टर सहित जिला प्रशासन के तमाम आलाधिकारी मतदान केंद्रों पर रखे थे नजर...पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी से शांतिपूर्ण निपटा चुनाव...मतदान कर्मियों ने निभाई बेहतर जिम्मेदारी...बुजुर्ग और युवा उत्साह के साथ मतदान में लिया भाग**



भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी गायत्री सिंह



कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी श्रद्धा पांडे



निर्दलीय अध्यक्ष प्रत्याशी रैशुं कुरैशी



निर्दलीय अध्यक्ष प्रत्याशी पिंकी अखिलेश गुप्ता

-रवि सिंह-
**कोरिया/पटना,11 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**
पटना नगर पंचायत के पहले चुनाव के लिए मंगलवार 11 फरवरी को मतदान सम्पन्न हो चुका है और सभी अध्यक्ष सहित पार्षद पद के प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है। अब मतगणना 15 फरवरी को होगी और यह तय होगा परिणाम आने पश्चात की कौन पटना नगर का पहला अध्यक्ष बन पाएगा। वैसे नगर पंचायत पटना के अध्यक्ष सहित 15 वार्डों के पार्षद पद के लिए कई लोगों ने अपनी किस्मत आजमाई है और सभी अपनी अपनी जीत का दावा भी कर रहे हैं और अंततः जीत किसकी होगी यह तो 15 फरवरी को ही तय हो सकेगा जब ईवीएम से मतगणना उपरांत परिणामों की घोषणा होगी। नगर सरकार के अध्यक्ष पद के लिए 5 उम्मीदवारों ने किस्मत अपनी आजमाई है जिसमें सत्ताधारी दल से निवर्तमान सरपंच उम्मीदवार हैं वहीं प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस से खुद प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष की साख दांव पर लगी है क्योंकि प्रत्याशी का चयन उन्होंने किया है और प्रत्याशी को जीत दिलाने की उन्होंने संगठन को गारंटी दी है। वैसे एक निर्दलीय ने समीकरण को त्रिकोणीय बना दिया है जिसके मैदान में रहते हुए परिणाम किस करवट बैठेगा अभी इसको लेकर कोई स्पष्ट बयान देने तैयार नहीं है। निर्दलीय ने एक तरह से दोनों ही दलों को परेशान कर रखा था पूरे चुनाव के दौरान।

### ये रहा मतदान का आंकड़ा

आज नगर पंचायत पटना में सुबह 10 बजे तक 364 पुरुष एवं 210 महिला मतदाताओं ने मतदान में भाग लिया था यानी 13 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो बढ़कर दोपहर 12 बजे तक 51 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान की गति दोपहर 2 बजे को देखने को मिली इस समय तक 3104 मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया यानी 72 प्रतिशत मतदान हो गया। आखिरी समय शाम 5 बजे तक कुल पुरुष मतदाता 2099 और 2199 महिला मतदाताओं में से 1794 पुरूष मतदाताओं, 1858 मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिए। यानी नगर पंचायत पटना में पुरूष मतदान की प्रतिशत 85.47 प्रतिशत रहा जंबकि महिला मतदान का प्रतिशत 84.49 प्रतिशत रही इस तरह नगर पंचायत पटना में 84.97 प्रतिशत मतदान हुआ।

### मतदान प्रतिशत में कमी भाजपा के लिए नुकसान

मतदान प्रतिशत में कमी भाजपा के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। भाजपा के कई वार्ड पार्षद चुनाव हार सकते हैं। अब देखना है यह आंकलन कितना सही साबित होता है। मतदान प्रतिशत और बढ़ता तो कई पार्षद प्रत्याशी भाजपा के जीत जाते यह माना जा रहा है।

### निर्दलीय प्रत्याशी किसके झोली से छीनेगी जीत?

निर्दलीय प्रत्याशी खुद जीत अपनी सुनिश्चित करती है कि किसी की झोली से जीत वह छीनने की वजह बनती हैं यह देखने वाली बात होगी।




### चुनाव संपन्न करने में उनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत नगर पंचायत पटना में 15 केन्द्रों में मतदान निर्धारित समय सुबह 8 बजे से ही शुरू हो गया था। मतदाता घर से निकलकर मतदान करने पहुंच रहे थे और सेल्फी भी ले रहे थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चन्दन त्रिपाठी सुबह से ही नगर पंचायत पटना के स्ट्राँग रूम, आदर्श मतदान केंद्र सहित विभिन्न मतदान केंद्र पहुंचकर जायजा भी लिए। वहीं पर्यवेक्षक श्रीमती यामिनी पांडेय गुप्ता भी मतदान केन्द्र पहुंचकर व्यवस्था का जायजा ली और मतदान अधिकारियों को दिशा निर्देश देते रहे। इसके अलावा जिले के उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डी.डी.मंडावी, रिटर्निंग अधिकारी श्री उमेश पटेल, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पटेल, एसडीएम बैकुंठपुर श्रीमती दीपिका नेताम, सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री प्रतीक जायसवाल सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहकर प्रत्येक मतदान केंद्रों पर निगरानी रखे हुए थे।

### कांग्रेस साइलेंट वोटरों के भरोसे

कांग्रेस को उम्मीद साइलेंट वोटरों से है कांग्रेस का माहौल चुनाव में नहीं नजर नहीं आया उनका आंकलन है कि जनता ने उन्हें चुपके से वोट दिया है। अब कांग्रेस का आंकलन कितना सही है यह 15 फरवरी को पता चलेगा।

### 15 फरवरी को जब गणना होगी तब स्पष्ट होगा सिंहासन किसका होता है?

बता दें कि भाजपा ने अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित सीट से अजजा वर्ग की महिला प्रत्याशी को मौका दिया था जो निवर्तमान सरपंच भी थीं वहीं जिनके साथ सत्ता विरोधी भी लहर थी वहीं ऐसा करके जहां भाजपा ने बड़ा खतरा प्रत्याशी बतौर लिया था वहीं कांग्रेस ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जो संयोग से जिले के प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष भी थे के कहने पर उनके इस आश्वासन पर की वह सीट जिताकर देंगे अध्यक्ष का उनके सबसे खास के घर की महिला प्रत्याशी को उम्मीदवार बनाया था। कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नेता ने बगावत करके निर्दलीय पत्नी को खड़ा किया। कुल मिलाकर देखा जाए तो समीकरण त्रिकोणीय रहा और दो अन्य प्रत्याशियों ने भी वोट कटवा की भूमिका निभाते हुए त्रिकोणीय मुकाबले को और रोचक बनाए रखा। वैसे अब 15 फरवरी को जब गणना होगी तब स्पष्ट होगा सिंहासन किसका होता है।

### भाजपा अपनी प्रत्याशी की विरोधी लहर को स्वीकार करते हुए प्रचार की कमान जिलाध्यक्ष सहित विधायक ने थामे रखा

भाजपा ने चुनाव को काफी गंभीरता से लिया और अपनी प्रत्याशी की विरोधी लहर को स्वीकार करते हुए प्रचार की कमान जिलाध्यक्ष सहित विधायक ने थामे रखा, स्थानीय बड़े नेताओं में से एक अपने ही वार्ड के प्रचार के व्यस्त रहे और उन्होंने अध्यक्ष प्रत्याशी के लिए कोई समर्थन मत स्वरूप जुटाने का प्रयास नहीं किया अपने लिए ही वह जीत तलाशते रहे जबकि जिलाध्यक्ष और विधायक को जहां प्रत्याशी को लेकर व्याप्त विरोधी लहर के साथ नगर के बड़े नेताओं का भी विरोध झेलते हुए प्रचार करना पड़ा। कुल मिलाकर भाजपा के बड़े नेताओं का भी नगर में विरोध भाजपा नेताओं को झेलना पड़ा। जिलाध्यक्ष भाजपा ने पूरी ताकत अपनी समय के साथ झोंके रखी विधायक भी दिन रात एक किए रहे और अब सभी परिणाम को लेकर इंतजार में हैं। वैसे भाजपा के पक्ष में परिणाम आया तो जिलाध्यक्ष और विधायक की मेहनत को श्रेय जायेगा वहीं यदि विपरीत परिणाम आया स्थानीय नेताओं का विरोध काफी हद तक जिम्मेदार माना जायेगा।

### कांग्रेस से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने झोकी ताकत पर कांग्रेस के बागी ने बढाई पेशानी

कांग्रेस के भी जिलेभर के नेताओं ने दिन रात पटना में डेरा डाले रखा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के खास ने तो पटना को छोड़ा ही नहीं चुनाव भर। बैकुंठपुर सहित जिले के हर जगह से कांग्रेस नेताओं की फौज पटना में डेरा डाले रही और उन्हें भी अब अपेक्षित परिणाम की अपेक्षा है। कांग्रेस नेताओं ने पूरा दमखम लगाया और कोई जिले का नेता आराम से नहीं बैठा पूर्व विधायक के अलावा,यदि पार्टी चुनाव हारी तो पूर्व विधायक की कमी को लेकर भी प्रश्न उठेंगे क्योंकि वह क्यों नहीं शामिल हुई प्रचार में यह एक बड़ा सवाल होगा। कांग्रेस से बागी होकर अपनी पत्नी को चुनावी मैदान में उतारने वाले रियाज कुरैशी की यदि जीत हुई तो उनकी जीत नाराजगी का लाभ भी मिलना माना जाएगा जो अन्य के प्रति नाराजगी के कारण उन्हें मिली होगी,वैसे उनकी मेहनत और उनकी प्रबंधन क्षमता को लेकर भी यह कहना सही होगा कि अकेले के दम पर उन्होंने वह कर दिखाया जो बड़े राजनीतिक दलों ने एकजुट होकर नहीं हासिल किया। वैसे रियाज कुरैशी को लेकर यह भी एक अफवाह है कि एक समुदाय विशेष से उनका समझौता हुआ और वह समुदाय उनके साथ अंदर से एकजुट हुआ और वही उनकी सफलता है।

### 6 नंबर वार्ड के प्रत्याशी को जितवाने के लिए भाजपाइयों सहित समाज के लोगों ने झोंकी ताकत

पटना का वार्ड पार्षद का चुनाव सबसे हाई प्रोफाइल वार्ड क्रमांक 6 में माना गया। यहां भाजपा के कद्दावर नेता मैदान में थे जिन्होंने अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए अध्यक्ष पद की प्रत्याशी के लिए भी समय नहीं देना मुनासिब समझा।वार्ड क्रमांक 6 से भाजपा के पार्षद पद के प्रत्याशी अपने लिए ही इतने व्यस्त चिंतित रहे कि उन्होंने अध्यक्ष को एक तरह से अकेले छोड़ दिया।उनके ही चुनाव में उनके लोग उनका समाज और उनके परिवार सहित वार्ड के लोग उलझे रहे अध्यक्ष को लेकर उनकी चिंता न के ही बराबर रही। पार्षद प्रत्याशी ने अपनी जीत को ही महत्व दिया और पार्टी के लिए अध्यक्ष पद के लिए उन्होंने कोई तनाव लेना अस्वीकार करके ही रखा।

## मतदान ड्यूटी से गैरहाजिर रहने वाले लिपिक निलंबित

-संवाददाता-
**कोरिया/पटना,11 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**
त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के तहत मतदान कार्य में लापरवाही बरतने पर तहसील कार्यालय सोनहत में पदस्थ सहायक ग्रेड-03 श्री सतीश मिंज को निलंबित कर दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अधिसूचना 20 जनवरी 2025 के बाद से श्री मिंज बिना सूचना के कार्यालय से अनुपस्थित रहे। निर्वाचन कार्य में मतदान अधिकारी-03 के रूप में नियुक्त होने के बावजूद, वे 23 और 24 जनवरी 2025 को आयोजित प्रथम प्रशिक्षण में शामिल नहीं हुए। इसके बाद, 6 फरवरी 2025 को कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कराने के बावजूद वे पुनः 10 फरवरी 2025 तक बिना सूचना के अनुपस्थित रहे। उनकी इस लापरवाही को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन और छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के तहत गंभीर कदाचार माना गया है। इस आधार पर, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के नियम 9 के अंतर्गत उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में श्री मिंज का मुख्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोनहत कार्यालय निर्धारित किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

## बालको ने विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के साथ मनाया 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह

-संवाददाता-
**कोरबा,11 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**
वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने पूरे महीने अपने कर्मचारियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित कर 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया।इस दौरान एक वर्चुअल रियलिटी ट्रेनिंग माड्यूल को भी लॉन्च किया गया जिसके तहत 150 से अधिक कर्मचारियों को रियल वर्ल्ड ट्रैफिक सिनेरियो से परिचित कराया गया। महीने भर चलने वाले इस अभियान में सामुदायिक रैलियां,कारपूलिंग और गेमीफाइड लर्निंग सेशन जैसी गतिविधियां शामिल थीं। नए ट्रेनिंग मॉड्यूल से कर्मचारियों ने फर्स्ट पर्सन ड्राइविंग एक्सपीरिएंस रखा जहा उन्हें आचनक ब्रेक लगाने,ब्लाइंड स्पॉट, और पैदल यात्री क्रॉसिंग जैसे विभिन्न परिस्थितियों में रीयल टाइम



निर्णय लेने थे। नए टेक्नोलॉजी से कर्मचारियों को तत्काल फीडबैक मिला, जिससे सुरक्षित एवम नियंत्रित ड्राइविंग कैसे करना है वह सीखने का अवसर मिला साथ ही पूरे संयंत्र में औचक वाहन निरीक्षण, अंधे मोड़ की पहचान, सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी तथा ड्राइवरों के लिए नेत्र जांच शिविर, रक्त दान शिविर आयोजित किया गया जिसमे 300 से अधिक ड्राइवर, ऑपरेटर एवं 170 से अधिक कर्मचारियों-बिजनेस पार्टनरों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। बालकोनगर के आसपास स्कूलों में सड़क सुरक्षा वार्ता आयोजित की गई जिसमें कर्मचारियों एवं बालकोनगरवासियों ने हिस्सा लिया। बालको के कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि 'शून्य क्षति' के दर्शन के अनुरूप कार्यस्थल को पूर्णतः सुरक्षित बनाने की दिशा में बालको निरंतर कार्यरत है। इसके लिए प्रत्येक कर्मचारी के सशक्तिकरण पर ध्यान दिया गया है ताकि वह कार्यस्थल पर किसी भी असुरक्षित गतिविधि को रोकने में अपना योगदान सुनिश्चित कर सके। हमारा लक्ष्य सभी कर्मचारियों, व्यापार भागीदारों और आगंतुकों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाना है। बालको परिवार का प्रत्येक सदस्य यातायात नियमों और औद्योगिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण के मूलभूत नियमों का पालन कर संयत्र में सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे विश्वास है कि सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में हमारे निरंतर प्रयासों का परिणाम सभी के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल होगा। अपना विचार साझा करते हुए बालको कर्मचारी सुश्री सोनाली कृष्णमूर्ति रामटेके ने कहा, ''वीआर हेडसेट ने मुझे एक ऐसा अनुभव प्रदान किया जो वास्तव में दिलचस्प था। सभी सिमुलेशन मुझे चुनौती दे रहे थे कि में विभिन्न रियल-वर्ल्ड ड्राइविंग स्थितियों में ड्राइव करुं, जहाँ पल भर में फैसला लेना होता है। यह अनुभव आपको वाहन चलाते समय अत्याधिक जागरूक बनाता है।'' कंपनी ने सुरक्षा प्रदर्शन को मजबूत करने के लिए कई पहल शुरू की हैं और सर्वोत्तम प्रथाओं को संस्थागत रूप दिया है। जिसमें सुरक्षा के विभिन्न मॉड्यूल पर कर्मचारियों को संवेदनशील बनाने के लिए हर महीने के पहली तारीख को सुरक्षा संकल्प का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। सुरक्षा संवाद पर एक साप्ताहिक कार्यक्रम जहां बालको के वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा 5000 से अधिक कर्मचारियों और व्यापार भागीदारों को 'असुरक्षित कार्य को ना कहने का अधिकार' के लिए सशक्त बनाया गया।

# वरुण चक्रवर्ती को पछाड़कर वेस्टइंडीज के धाकड़ खिलाड़ी ने जीता आईसीसी का बड़ा अवॉर्ड

**ब्रिसबेन,11 फरवरी 2025।** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरा भले ही अच्छा नहीं रहा लेकिन टीम ने अपने घर में नए साल का आगाज धमाकेदार अंदाज में किया। भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 5 मैचों की टी 20 आई सीरीज में 4-1 से करारी शिकस्त दी। इस सीरीज में टीम इंडिया के लिए सबसे शानदार प्रदर्शन वरुण चक्रवर्ती ने किया। इंग्लैंड के खिलाफ टी 20 आई सीरीज का 22 जनवरी से आगाज हुआ जिसके पहले ही मैच में वरुण चक्रवर्ती ने 3 विकेट लेकर टीम इंडिया को शानदार जीत दिलाई। इसके बाद भी वरुण का शानदार प्रदर्शन जारी रहा और पूरी सीरीज में सबसे ज्यादा 14 विकेट लेने का बड़ा कारनामा किया। इस शानदार प्रदर्शन के लिए चक्रवर्ती को जनवरी महीने के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के नॉमिनेट किया गया। वरुण चक्रवर्ती के अलावा पाकिस्तान के नोमान अली और वेस्टइंडीज के जोमेल वारिकन को भी आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया था। अब इस अवॉर्ड के विजेता का खुलासा हो गया है।





### डब्ल्यूआई का धाकड़ स्पिनर बना आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

दरअसल, वेस्टइंडीज के स्पिनर जोमेल वारिकन ने पाकिस्तान के नोमान अली और वरुण चक्रवर्ती को पछाड़कर जनवरी महीने का आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड अपने नाम कर लिया है। जोमेल वारिकन को पाकिस्तान दौरे पर टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने के इनाम के तौर पर इस अवॉर्ड से नवाजा गया है। मई 2024 के बाद वेस्टइंडीज के किसी खिलाड़ी को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है।

बाएं हाथ के स्पिनर वारिकन की 1990 के बाद वेस्टइंडीज को पाकिस्तान में पहली टेस्ट जीत दिलाने में अहम भूमिका रही। पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच 10 जनवरी से 28 जनवरी के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली गई जिसमें जोमेल वारिकन ने 9 के शानदार औसत से 19 विकेट निकालने का बड़ा कमाल किया। पहले टेस्ट में वेस्टइंडीज के इस धाकड़ स्पिनर ने कुल 10 विकेट अपने नाम किए। इस दौरान उन्होंने एक पारी में 7 विकेट लेने का कारनामा किया। हालांकि इस शानदार प्रदर्शन के बावजूद वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।

### 35 साल बाद डब्ल्यूआई ने पाकिस्तान में जीता टेस्ट

वारिकन ने दूसरे टेस्ट में एक पारी में 5 विकेट हॉल समेत कुल 9 विकेट चटकाए और वेस्टइंडीज को पाकिस्तान की सरजमीं पर 35 साल बाद पहली टेस्ट जीत दिलाई। यही वजह है कि वारिकन जनवरी महीने के आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुने गए। पाकिस्तान के नोमान अली के लिए पिछला महीना शानदार रहा लेकिन वह ये बड़ा अवॉर्ड जीतने से चूक गए।

## जोमेल वार्रिकान ने जनवरी के लिए जीता पुरस्कार

**नईदिल्ली,11 फरवरी 2025।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने जनवरी 2025 के लिए वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के स्पिनर जोमेल वार्रिकान को प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है।

उन्होंने पिछले महीने टेस्ट प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन किया था।उन्होंने भारत के वरुण चक्रवर्ती और पाकिस्तान के नोमान अली को पीछे छोड़ते हुए ये पुरस्कार जीता। दूसरी तरफ महिला वर्ग में ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी को ये सम्मान मिला है।

बाएं हाथ के स्पिनर वार्रिकान ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में कमाल किया, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया था। उन्होंने पहले टेस्ट में कुल 10 विकेट (3/69 व 7/32) और दूसरे टेस्ट में कुल 9 विकेट (4/43 व 5/27) लिए थे। बल्लेबाजी में उन्होंने सीरीज में 85 रन बनाए थे।

2 मैचों की वो टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ था। चक्रवर्ती ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 टी-20 की सभी पारियों में कुल 18 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 9.86 की औसत के साथ 14 विकेट लिए थे।उन्होंने सीरीज में एक पारी में 5 विकेट हॉल लेने का कारनामा भी किया।

उन्होंने जनवरी माह में 4 टी-20 मैचों में 12 विकेट अपने नाम किए थे।पाकिस्तान के नोमान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली सीरीज में 12.62 की औसत से कुल 16 विकेट लिए थे।

## साई किशोर ने विदर्भ के खिलाफ क्वॉर्टर-फाइनल में लिए 5 विकेट

**नईदिल्ली,11 फरवरी 2025।** रणजी ट्रॉफी 2024-25 के दूसरे क्वार्टर-फाइनल में तमिलनाडु क्रिकेट टीम के साई किशोर ने बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने विदर्भ क्रिकेट टीम की दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। यह उनके प्रथम श्रेणी करियर का 12वां 5 विकेट हॉल रहा। उनकी उम्दा गेंदबाजी के चलते ही विदर्भ की दूसरी पारी 272 रन पर सिमट गई। वह पहली पारी में कोई विकेट नहीं ले सके थे।

किशोर ने दूसरी पारी में दानिश मालेवार (0) के रूप में अपनी पहली सफलता हासिल की।

बाएं हाथ के स्पिनर ने फिर ध्रुव शौरे (20), हर्ष दुबे (64), नचिकेत भुते (6) और आदित्य ठाकरे (0) के विकेट चटकाए।

उन्होंने 26 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 78 रन देते हुए ये 5 विकेट हासिल किए।

उनके अलावा अजित राम ने 2 विकेट अपने नाम किए।पहली पारी में किशोर ने 20 ओवर में बिना विकेट लिए 48 रन दिए थे।किशोर ने अपने प्रथम श्रेणी करियर में अब तक 46 मैचों की 83 पारियों में 192 विकेट लिए। इस बीच उनका पारी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 70 रन देते हुए 7 विकेट लिए।उन्होंने एक मैच में 10 विकेट हॉल लेने का कारनामा भी किया था।

# इन प्लेयर्स को अब सरकार की ओर से नहीं मिलेगी प्राइस मनी

**नई दिल्ली,11 फरवरी 2025।** भारत में कई बार एथलीटों को उनके अच्छे खेल और मेडल जीतने के कारण सरकार की ओर से प्राइज मनी दिए जाते हैं। पहले के सिस्टम के तहत, जूनियर विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर एथलीट को लगभग 13 लाख रुपए मिलते थे, जबकि एशियाई या कॉमनवेल्थ गेम्स में पहला स्थान पाने पर 5 लाख रुपए का पुरस्कार मिलता था। लेकिन अब, मंत्रालय ने जूनियर प्रतियोगिताओं को केवल पोडियम फिनिश पर केंद्रित न रखने का निर्णय लिया है, बल्कि इसे विकासात्मक मंच के रूप में बढ़ावा देने की कोशिश की है।



### अधिकारी ने दी जानकारी

एक मंत्रालय अधिकारी ने कहा कि भारत ही एकमात्र देश था, जहां जूनियर चैंपियनशिप को अत्यधिक महत्व दिया जाता था, जिसके कारण एथलीट इस स्तर पर इतनी मेहनत करते थे कि जब वे उच्च स्तर तक पहुंचते हैं, तो वे थक जाते हैं या उनकी प्रतिस्पर्धा की इच्छा खत्म हो जाती है। साथ ही, सीनियर एथलीटों के लिए पुरस्कार नीति में भी बदलाव किए गए हैं। मंत्रालय ने राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप और साउथ एशियाई खेलों को पुरस्कार सूची से हटा दिया है। शतरंज में इंटरनेशनल मास्टर या ग्रैंडमास्टर मानक हासिल करने पर अब कोई पुरस्कार नहीं मिलेगा।इसके अलावा, शूटिंग खिलाड़ी मनु भाकर के पिछले साल पेरिस खेलों में दो कांस्य पदक जीतने के बाद, ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप में हर पदक के लिए अब खिलाड़ी और उनके कोचों को पुरस्कार मिलेगा। वह अकादमी या अखाड़ा जहां पदक विजेता ने प्रशिक्षण लिया होगा, उसे भी पुरस्कार मिलेगा। पहले की नीति में यह शर्त थी कि एथलीट के परिवार (पति, पत्नी, माता-पिता, भाई-बहन) को पुरस्कार नहीं मिलेगा, जिसे अब हटा दिया गया है।

### इस कारण से लिया गया ये फैसला

सालों से, नकद पुरस्कारों को डोपिंग और आयु धोखाधड़ी जैसे अपराधों के लिए एक प्रमुख प्रेरणा माना गया है। राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग एजेंसी के आंकड़ों के अनुसार, 2022 से अब तक भारत में 10त्न से अधिक डोपिंग अपराधी बच्चे हैं, जिनमें से 204 में से 22 बच्चे हैं। हालांकि कोई केंद्रीय प्रणाली नहीं है जो यह ट्रैक करती हो कि कितने एथलीट अपनी उम्र में हेरफेर करते हैं, फिर भी पिछले कुछ सालों में कई एथलीट विभिन्न खेलों में निलंबित किए गए हैं। कई अन्य इससे बच गए हैं।



# डब्ल्यूपीएल 2025 के लिए तैयारियां शुरू

### टूर्नामेंट से पहले आरसीबी की स्टार खिलाड़ी हुईं फिट

**बेंगलुरु,11 फरवरी 2025।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फैंस के लिए एक राहत की खबर है, क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एलिस पेरी महिला प्रीमियर लीग 2025 सीजन से पहले टीम में शामिल हो गई हैं। पेरी ने पिछले सीजन में आरसीबी की खिताबी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन आगामी सीजन में उनकी भागीदारी को लेकर संदेह था। इसी बीच उनकी टीम के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है।

### चोटिल हो गईं थी पेरी

पेरी को इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज के दौरान चोट लग गई थी, जब वह पिंक बॉल टेस्ट के दौरान अपने बाएं कूल्हे पर अजीब तरीके से गिर गईं थीं और उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। उस समय पेरी ने नंबर 10 पर बल्लेबाजी की थी, लेकिन दर्द में होने के कारण वह कुछ खास नहीं कर सकीं। हालांकि, एक इंटरव्यू में पेरी ने कहा था कि वह टूर्नामेंट से पहले पूरी तरह ठीक हो जाएंगी। आरसीबी ने सोमवार, फरवरी में पेरी के टीम में शामिल होने की घोषणा की और अब एक मजेदार वीडियो जारी किया है, जिसमें पेरी अपने साथियों के साथ बातचीत करती नजर आ रही हैं, जबकि डब्ल्यू डब्ल्यूई के दिग्गज स्टोन कोल्ड स्टीव ऑस्टिन का संगीत बैकग्राउंड में बज रहा है। पेरी का आना आरसीबी के लिए राहत की बात है, खासकर जब वे नए सीजन से पहले पहले ही 3 विदेशी खिलाड़ियों को खो चुके हैं। सोफी मोलिनक्स और केट क्रॉस को चोट के कारण वापस जाना पड़ा, जबकि सोफी डिवाइन ने सीजन से ब्रेक लेने का निर्णय लिया है।

# विराट कोहली को महिला फैन ने लगा लिया गले

**अहमदाबाद,11 फरवरी 2025।** इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया अब कटक से अहमदाबाद पहुंच चुकी है। सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच यहीं पर 12 फरवरी को खेला जाना है। इस बीच टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एयरपोर्ट पर एक महिला प्रशंसक उन्हें कसकर गले से लगा लेती है। जब ये सब कुछ हो रहा होता है तो सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मी भी टेंशन में नजर आते हैं। हालांकि कुछ ही सेकेंड बाद विराट कोहली फिर से अपने रास्ते पर आ जाते हैं।



### विराट कोहली के बल्ले से नहीं बन रहे हैं रन

विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही वनडे सीरीज का एक ही मैच खेला है और उसमें भी उनके बल्ले से रन नहीं बने हैं। नागपुर में खेले गए पहले मैच से पहले उनके घुटने में दर्द था, इसलिए उन्होंने वो मुकाबला मिस किया। इसके बाद दूसरे मैच के लिए वे फिट हो गए और खेलते हुए भी दिखाई दिए। कटक में जहां एक ओर रोहित शर्मा की जलवेदार बल्लेबाजी देखने के लिए मिली, वहीं विराट कोहली एक बार फिर से फ्लॉप रहे। उन्होंने आठ बॉल पर केवल 5 रन बनाए और आउट होकर पवेलियन लौट गए।

### कोहली का एयरपोर्ट का वीडियो वायरल

इस बीच जब उड़ीसा के भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर विराट कोहली पहुंचे तो सुरक्षा के पक्के इंतजाम किए गए थे। एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें एयरपोर्ट पर ही विराट कोहली को एक महिला फैन गले से लगा लेती है। वीडियो में दिख रहा है कि विराट कोहली अपना बैग लेकर एयरपोर्ट के अंदर आ रहे हैं, इस दौरान भारी भीड़ टीम इंडिया के प्लयेर्स को देखने के लिए जुटी थी। विराट कोहली की नजर फैंस पर जाती है और वे उस ओर मुड़ जाते हैं, जहां फैंस उनका इंतजार कर रहे होते हैं। कोहली एक महिला प्रशंसक के पास जाते हैं और उसे गले से लगा लेते हैं। कुछ ही देर रुककर कोहली आगे की ओर बढ़ जाते हैं। इस दौरान वहां पर कोहली कोहली की गूंज भी सुनाई पड़ती है, इस पर विराट मुस्कराते हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी से पहले विराट कोहली के पास आखिरी मौका

कोहली का बल्ला भले ही इस वक्त फ्लॉप चल रहा हो, लेकिन उनकी फैन फालोइंग में कोई कमी नजर नहीं आती। अब टीम इंडिया अपना अगला मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेलेगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि इसमें कोहली के बल्ले से एक बड़ी पारी दिखेगी, जिसका इंतजार किया जा रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले ये भारत का आखिरी वनडे मैच है। देखना होगा कि कोहली इसमें अपने फैंस को खुश कर पाते हैं या फिर अभी और इंतजार करना होगा।

## तीन घंटे की फिल्म में हीरोइन के 12 रोल

आशुतोष गोवारिकर की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म व्हाट्स योर राशि? को लोगों और आलोचकों ने खास पसंद नहीं किया। फिल्म को हर तरफ से नकार दिया गया। रॉनी स्क्रूवाला के प्रोडक्सन ने इस फिल्म को साल 2009 में रिलीज किया था। ये फिल्म गुजराती उपन्यास किम्बल रेवेन्सवुड पर आधारित थी। इसमें प्रियंका चोपड़ा, हरमन बावेजा, दर्शन जरीवाला और दिलीप जोशी ने सहायक भूमिकाएं निभाई थीं। प्रियंका चोपड़ा के व्हाट्स योर राशि? में 12 अलग-अलग अवतार देखने को मिले थे। इसके बाद भी फिल्म बुरी तरह फ्लॉप हुई और मेकर्स को मुंह की खानी पड़ी। फिल्म रिलीज से पहले मेकर्स को लगा था कि प्रियंका और नए नवेले एक्टर के दमपर इस फिल्म को चला लेंगे, लेकिन मामला इससे उलट बैठा।




### प्रियंका ने फिल्म को लेकर कही ये बात

फिल्म के फ्लॉप होने के बाद भी प्रियंका चोपड़ा ने इसे अपने करियर की सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिका में से एक बताया। बॉक्स ऑफिस पर इसकी नाकामी से वह बहुत दुखी थीं। एक्ट्रेस ने कहा, अगर मैं कहूं कि व्हाट्स योर राशि? की असफलता ने मुझ पर कोई असर नहीं डाला तो मैं झूठ बोलूंगी। इसने असर डाला। इससे मेरा दिल टूट गया क्योंकि फिल्म बनाने में बहुत मेहनत लगी थी। प्रियंका फिल्म की असफलता से खासा निराश हुईं और यहीं से बॉलीवुड में उनके करियर का डाउनफॉल शुरू हो गया था।

### प्रियंका को हुई थी निराशा

अभिनेत्री ने आगे कहा, लेकिन जब कोई फिल्म नहीं चलती है तो यह आपको बहुत दर्द देता है। शुक्र है कि फिल्म देखने वाले सभी लोगों ने मेरे अभिनय की सराहना की। अगर कोई कहता कि उन्हें मेरा अभिनय पसंद नहीं आया तो मैं टूट जाती। यह निश्चित रूप से मुझे आत्मनिरीक्षण करने के लिए मजबूर कर देता। चोपड़ा के प्रदर्शन ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए स्क्रीन अवार्ड के लिए नामांकित किया। वह एक फिल्म में बारह भूमिकाएं निभाने वाली इतिहास की पहली अभिनेत्री भी बनीं।

### हीरो ने छोड़ी एक्टिंग

3 घंटे 15 मिनट के रनटाइम वाली ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 17 करोड़ रुपये की कमाई ही कर सकी। फिल्म में बहुत से गाने और आधी-अधूरी कहानी ने लोगों का सिर चकरा दिया। हरमन बावेजा ने व्हाट्स योर राशि? में योगेश बी. पटेल की मुख्य भूमिका निभाई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसके असफल होने के बाद उन्होंने फिल्में छोड़ दीं। अभिनेता ने अपना ध्यान प्रोडक्शन और लेखन की ओर लगाया। इसके अलावा फिल्म में तारक मेहता का उल्टा चश्मा के जेठालाल यानी दिलीप जोशी भी अहम किरदार में नजर आए थे।

# संजय दत्त को पत्नी मान्यता ने इस स्टाइल से किया विश



### पति पर यूं लुटाया प्यार, स्पेशल वीडियो किया शेयर

संजय दत्त हिंदी सिनेमा के वो कलाकार हैं, जिनकी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ बहुत अलग है। इतना ही नहीं वह अपनी फिल्मों को लेकर भी हमेशा चर्चा में रहते हैं। बॉलीवुड इंडस्ट्री के बाद संजय दत्त अब साउथ की फिल्मों में विलेन के किरदार में धमाल मचा रहे हैं। मान्यता दत्त से शादी करने के बाद से संजू बाबा की लाइफ पूरी तरह से बदल गई है। आज बी-टाउन के मोस्ट पॉपुलर कपल मान्यता और संजय अपनी वेडिंग एनिवर्सरी का जश्न मना रहे हैं। इस बीच मान्यता दत्त ने अपने पति संजय को यूनिक स्टाइल में विश किया है जो अब चर्चा का विषय बन गया है।

### मान्यता ने संजय दत्त को किया वेडिंग एनिवर्सरी विश

11 फरवरी साल 2008 में संजय दत्त और मान्यता दत्त ने शादी की। ऐसे में आज 17वीं वेडिंग एनिवर्सरी पर मान्यता ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में संजू बाबा और मान्यता बेहद रोमांटिक अंदाज में दिखाई दे रहे हैं। मान्यता दत्त ने अपने पति संजय दत्त को एक क्यूट सा टाइटल भी दिया है। सोशल मीडिया पर मान्यता और संजय का ये वेडिंग एनिवर्सरी पोस्ट छाया हुआ है। मान्यता ने लिखा, जब आप किसी से सच्चा प्यार करते हैं तो आप उन्हें दोगुना प्यार करते हैं!! जब हम पहली बार आई लव यू कहते हैं तो हम बहुत जल्दबाजी करते हैं। हम उनके दिखने के तरीके, उनकी खुशबू, उनके चलने के तरीके, उनके बात करने के तरीके से इंप्रेस होते हैं। लेकिन, कुछ महीनों या सालों के बाद उन सब से पर्दा हट जाता है तब पता चलता है कि आप उन्हें कितना प्यार करते हैं!

### संजय दत्त को पत्नी ने दिया नया नाम

इस पोस्ट में आगे मान्यता ने लिखा, हम उस व्यक्ति का सामना करते हैं जो वे हैं,जो जैसे उसे वैसे ही रहने दो... अगर उसमें कोई कमी है तो उसे भी प्यार करों... प्यार यही है जो अच्छाई-बुराई देख आपके साथ रहें... समझना और जानना प्यार है... जब आप कहते हैं कि मैं तुमसे प्यार करता हूं... तो यह प्यार ताकत बन जाता है...आई लव यू फॉरएवर माय अनॉइंग बेटर हाफ। दरअसल, लोगों को ये पोस्ट इसलिए पसंद आ रहा है क्योंकि मान्यता ने अनॉइंग बेटर हाफ और प्यार का मतलब बहुत अच्छे से बताया है। इस पोस्ट से यह पता चलता है कि दोनों के बीच कितनी स्ट्रांग बॉन्ड है।

### बागी 4 से संजू बाबा मचाएंगे तहलका

संजय दत्त जल्द ही बागी 4 में नजर आने वाले हैं। इसमें वह टाइगर श्रॉफ के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगे। मचअवेटेड एक्शन फिल्म को 5 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना है।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### छत्तीसगढ़ का प्रयाग राजिम कुंभ कल्प के स्वागत के लिए तैयार:सीएम साय

**रायपुर,11 फरवरी 2025(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को राजिम कुंभ कल्प और शिबरीनारायण मेले की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए



कहा कि 12 फरवरी से महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों के त्रिवेणी संगम पर प्रारंभ हो रहा राजिम कुंभ कल्प न केवल छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है, बल्कि इसकी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का जीवंत संगम भी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजिम, जिसे छत्तीसगढ़ का प्रयाग कहा जाता है, सदियों से श्रद्धालुओं और संत समाज के लिए आस्था का केंद्र रहा है।

### 60 लाख की डकैती का वीडियो,पुलिस प्रशासन के उड़े होश

**रायपुर,11 फरवरी 2025(ए)।** राजधानी रायपुर के अनुपम नगर में 60 लाख की डकैती का बड़ा मामला सामने आया है। तीन लोगों ने दिन दहाड़े घर में घुस कर डकैती की घटना को अंजाम दिया है। इन लोगों ने खुद को



लाल सलाम गैंग का आदमी बता कर वारदात को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार दो महिला और एक पुरुष को बांधकर डकैती की गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर क्राइम ब्रांच की टीम पहुंची है।

### बिलासपुर में जहरीली शराब पीने से 9 की मौत



#### कांग्रेस की पांच सदस्यीय जांच टीम पहुंची लोफांदी

**बिलासपुर,11 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के लोफांदी जहरीली शराब मौत मामले में जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा बनाई गई पांच सदस्य समिति सोमवार को लोफांदी पहुंची। समिति में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, पूर्व विधायक रश्मि सिंह ठाकुर, जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशवानी शामिल रहे।

### जंगल में पेड़ पर लटकी मिली छात्र की सड़ी लाश



#### 31 जनवरी को स्कूल जाने के नाम पर निकला था घर से

**बिलाईगढ़,11 फरवरी 2025(ए)।** 31 जनवरी को घर से स्कूल जाने के नाम पर निकले छात्र की सड़ी लाश 10 दिन बाद चनामुड़ा के जंगल में पेड़ पर लटकी हुई मिली है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### व्हीआईपी रोड पर बाइक सवारों को टक्कर मारने वाली युवती के सेक्स रैकेट से जुड़े थे तार



#### 8 दलालों पर शिकंजा,अब मुख्य सरगना को पकड़ने बंगाल रवाना हुई पुलिस

**रायपुर,11 फरवरी 2025(ए)।** राजधानी रायपुर के व्हीआईपी रोड पर एक्सीडेंट के बाद उज्बेकिस्तान की युवती के द्वारा हंगामा करने के मामले में एक के बाद एक कई खुलासे हो रहे हैं। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि उज्बेकी युवती के तार सेक्स रैकेट के गिरोह से जुड़े हुए थे। मामले पुलिस ने 8 और लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार गैंग का सरगना जुगल किशोर शुक्ला पश्चिम बंगाल से छत्तीसगढ़, तेलंगाना, झारखंड में सेक्स रैकेट ऑपरेट करता है। इस गिरोह से जुड़े दलालों को पुलिस ने रायपुर, अंबिकापुर, कोरबा और बिलासपुर और झारखंड से गिरफ्तार किया है। सभी को रायपुर लाया गया है। वहीं अब मुख्य सरगना जुगल किशोर शुक्ला को गिरफ्तार करने पुलिस पश्चिम बंगाल के लिए रवाना हुई है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा कर सकती है।

# छिटपुट घटनाओं के साथ मतदान शांतिपूर्ण रहा

- » राज्य में निकाय चुनाव में 66 प्रतिशत वोटिंग
- » जहां सबसे ज्यादा पढ़े लिखे लोग,वहीं सबसे कम मतदान
- » छत्तीसगढ़ के 10 नगर निगम, 49 नगर पालिका सहित 173 निकायों में हुई वोटिंग
- » कई दिग्गजों ने डाला वोट ईव्हीएम खराब की भी शिकायत
- » मतदान के लिए मान्य किए गए थे 18 तरह के आईडी प्रूफ
- » मतदान के बाद 15 फरवरी को मतगणना की जाएगी
- » 79 महापौर,1889 पार्षद प्रत्याशी सहित 606 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद



**रायपुर,11 फरवरी 2025(ए)।** रायपुर समेत 10 नगर निगम समेत सभी 167 निकायों में शाम 5 बजे मतदान खत्म हो गया है। कहीं- कहीं 5 बजे के बाद भी वोटरों की लाइन लगी थी, ऐसे में उन्होंने मतदान का मौका मिलेगा। राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार शाम तक राज्य में 66 प्रतिशत मतदान हो चुका है। अफसरों के अनुसार यह आंकड़ा 70 प्रतिशत से आगे जा सकता है।

मतदान के जिलावार आंकड़ों में राज्य के सबसे जागरुक और पढ़े लिखे जिलों में ही सबसे कम मतदान हुआ है। सबसे ज्यादा करीब 71 प्रतिशत मतदान रायगढ़ में हुआ है। वहीं, कम मतदान वाले दो बड़े जिलों में रायपुर और बिलासपुर शामिल हैं। रायपुर प्रदेश की राजधानी और बिलासपुर न्यायधानी है। रायपुर में शाम तक 47 और बिलासपुर में 48 प्रतिशत मतदान हुआ है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भी इन्हीं दोनों जिलों में सबसे कम मतदान होता है।

### बिलासपुर में बवाल

निकाय चुनाव में वोटिंग के दौरान बिलासपुर में बवाल हुआ है। यहां के लाला लाजपत राय स्कूल स्थित मतदान केंद्र में भी जमकर बवाल हुआ। मतदान के आखिरी समय में नगर निगम के कई मतदान केंद्रों में झड़प हो गई। इमलीपारा के रघुराज सिंह स्टेडियम में भी दो पक्ष भिड़ गए। वहीं, तारबाहर क्षेत्र के घोड़ा दाना स्कूल में भी तनाव की स्थिति बनी रही। वार्ड क्रमांक 32 के मतदान केंद्र पर निर्दलीय उम्मीदवार के समर्थकों ने मारपीट की है। जिसके बाद पुलिसबल मौके पर मौजूद है।

बिलासपुर में कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी पर ईवीएम लूटने का आरोप लगाया गया है। बीजेपी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि वोटिंग के अंतिम समय में कांग्रेस समर्थकों ने पोलिंग बूथ के अंदर घुसकर वोट डलवाने के लिए ईवीएम छीनने की कोशिश की है। मामला लाला लाजपत राय पोलिंग बूथ का है।

### रायपुर में भी हंगामा

रायपुर के भगवती चरण शुक्ल वार्ड में बीजेपी और कांग्रेस समर्थकों को बीच हंगामा हुआ है। कांग्रेस ने यहां से पूर्व महापौर एजाज ढेबर को अपना उम्मीदवार बनाया है। जबकि बीजेपी ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल के समर्थक माने जाने वाले अमर गिदवानी को टिकट दिया है। अमर गिदवानी का आरोप है कि वोटिंग खत्म होने के बाद एजाज ढेबर 40-50 कार्यकर्ताओं को लेकर अंदर घुस गए। उन्होंने कहा कि इस मामले की शिकायत की जाएगी।

वहीं, एजाज ढेबर ने कहा कि जब मैं पोलिंग बूथ पर पहुंचा तब मैं अकेले गया था। उसका वीडियो सभी लोगों के पास है। मैं पोलिंग बूथ पर पहुंचा था गिदवानी के 7 से 8 समर्थक पहले से ही अंदर मौजूद थे। मैंने इस बात का विरोध किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी इस चुनाव में अपनी सारी शक्ति लगा रही है।

### 5 बजे के करीब हुई झड़प

इसके बाद कुछ लोगों को एंट्री देने की बात पर भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में तनातनी का माहौल हो गया। दोनों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने उम्मीदवारों को कंधे पर उठा लिया और एक दूसरे के जीत के दावे किए।

### पोलिंग बूथ पर हंगामा

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए थे इसके बाद भी कई जगहों पर हंगामा हो गया। प्रशासन की चाक चौबंध व्यवस्था के बीच राजधानी रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित गर्ल्स कॉलेज में बने पोलिंग बूथ पर जमकर हंगामा हुआ। पोलिंग बूथ के अंदर एक युवक बीजेपी का गमछा पहनकर घुस गया। लोग जब वोटिंग कर करे थे तभी युवक वहां पहुंचकर हंगामा करने लगा।

इस दौरान वहां मौजूद पीठासीन अधिकारी ने कार्यकर्ता को हंगामा करने और पोलिंग बूथ से बाहर जाने को कहा। जिसके बाद युवक और ज्यादा हंगामा करने लगा। वोटिंग कर रहे लोगों को वोटिंग करने से भी मना करने लगा। भाजपा कार्यकर्ता के हंगामा करने का वीडियो भी वहां मौजूद किसी ने बनाकर वायरल कर दिया। इस वीडियो को कांग्रेस ने शेयर किया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि बीजेपी कार्यकर्ता लोगों को वोटिंग करने से रोक रहे हैं।

### धमतरी में लड़की से छेड़छाड़

दूसरा मामला धमतरी जिले का है। जहां नगरीय निकाय चुनाव में वोटिंग के दौरान एक लड़की से छेड़छाड़ की गई है। मामला रिसाई पारा में बने पोलिंग बूथ का है। लड़की से छेड़छाड़ का मामला सामने आने के बाद पोलिंग बूथ पर हंगामा मच गया। दरअसल, यहां एक युवती ने कुछ लोगों पर बदसलूकी करने का आरोप लगया। युवती ने कहा कि उसके साथ धक्का-मुक्की और बदसलूकी हुई है।

### हैंग हुई राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट

अपना नाम वोटर लिस्ट में न पाकर मतदाताओं ने राज्य निर्वाचन आयोग के वेबसाइट पर सर्च किया लेकिन आयोग की वेबसाइट ने भी धोखा दे दिया। ऐन समय पर साइट स्लो हो गई और मतदाताओं को अपना नाम ढूंढने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कुछ वोटर मतदान केंद्र से वापस घर लौट गए।

### एक परिवार के सदस्यों को अलग-अलग वार्ड की पर्ची

मतदाता सूची में एक गड़बड़ी यह देखने को मिली कि एक ही परिवार के मतदाताओं को अलग-अलग वार्डों की पर्ची मिली। मतदाताओं ने यह आरोप लगाया कि उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के पहले अपने नाम की त्रुटियां सुधरवाई थी लेकिन फिर उन्हें ऐसी ही समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।नगरीय निकाय चुनाव के पहले भी मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन करवाया गया, त्रुटियां सामने आई तो उन्हें सुधारा गया। जब मतदाता तक नगरीय निकाय चुनाव की पर्ची पहुंची तो उस पर विधानसभा सूची को आधार बनाया गया था। ऐसे ही कई उदाहरण आज देखने को मिले। एक सीनियर वोटर बताते है कि उन्हें उनके ही वार्ड की पर्ची मिली लेकिन उनकी पत्नी को पड़ोस के वार्ड की पर्ची मिली। उन्होंने चुनाव आयोग के कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसी लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारी पर प्रशासनिक कार्रवाई होनी चाहिए।

### फॉरेस्ट ऑफिस बूथ पर नाम कटने पर बवाल

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सुबह वन मंडलाधिकारी कार्यालय मतदान केंद्र में सपत्नीक वोट किया। कुछ देर बाद इसी केंद्र में मतदाता सूची से नाम कटने को लेकर स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड के मतदाता ऐसे आक्रोशित हुए कि उन्होंने चुनाव का बहिष्कार कर दिया।

### आम आदमी पार्टी के बूथ में पसरा रहा सन्नाटा

बिलासपुर मतदान केंद्रों के बाहर भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी समेत निर्दलीय प्रत्याशियों के पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा मतदाताओं की मदद के लिए बूथ लगाए गए हैं। इस दौरान जहां कांग्रेस व भाजपा के बूथों में वोटर लिस्ट में अपने नाम देखने के लिए मतदाताओं की भीड़ जुटी रही। वहीं दूसरी ओर शहर के एसबीआर कॉलेज के पास लगाए गए आम आदमी के बूथों में सन्नटा पसरा रहा। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं का कहना है कि मतदाता यहां भी आ रहे है, लेकिन कम संख्या में। यहां आना या न आना मतदाताओं की खुद की मर्जी है।

### भाजपा उम्मीदवार का आरोप,निर्दलीय नींबू काटकर फेंक रही

दुर्ग में अस्पताल वार्ड क्रमांक 29 की भाजपा प्रत्याशी रोशनी साहू ने वार्ड से पार्षद पद की निर्दलीय प्रत्याशी बबीता यादव पर जादू टोना करने का आरोप लगाते हुए रिटर्निंग ऑफिसर से शिकायत की है। भाजपा प्रत्याशी ने कहा है कि निर्दलीय प्रत्याशी द्वारा स्कूल परिसर के पास नींबू काटकर फेंका जा रहा है।

### बिलासपुर में नए परिसीमन से मतदाता परेशान

बिलासपुर में नाम विलोपित होने व नए परिसीमन के बाद दूसरे वार्ड में नाम जोड़े जाने से कई मतदाताओं को वोटिंग में आ रही परेशानी। वार्ड 24 के वोटर का नाम वार्ड 25 में चला गया है, ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं, जिससे मतदाताओं को परेशानी हुई।


### ईवीएम मशीनें खराब, मतदान केंद्रों में हंगामा

रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव और धमतरी के कई मतदान केंद्रों में ईवीएम मशीन खराब हो गए। रायपुर के वार्ड 45 के बूथ नंबर 670 और भाटागांव के स्कूल में



मशीनें खराब हुई। वैसे ही राजनांदगांव के लेबर कॉलोनी और ठाकुर प्यारेलाल स्कूल मतदान केंद्र में ईवीएम खराब हो गए। कुछ बूथों पर लोगों मशीनों के ठीक होने का इंतजार किया तो कुछ लोग केंद्र से वापस लौट गए। वहीं, तखतपुर के आदर्श मतदान केंद्र नंबर 3 में मशीन खराब होने पर वोटरों ने नाराजगी जताई। केंद्र में छांव, बैठने की व्यवस्था नहीं होने, पानी की सुविधा नहीं थी और इसी बीच आधे घंटे चुनाव प्रभावित रहा।

### मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग



मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद ने आज रायपुर नगर निगम महापौर एवं वार्ड पार्षद निर्वाचन के लिए देवेंद्र नगर स्थित मतदान केंद्र में सपरिवार पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने प्रदेशवासियों से लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती नागरिकों की भागीदारी पर निर्भर करती है, और प्रत्येक मतदाता का वोट क्षेत्र के विकास की दिशा तय करता है।




### दुर्ग कलेक्टर ने किया मतदान



दुर्ग कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने जेआरडी स्कूल के मतदान केंद्र में वोट डाला। बूथ संख्या 120 में वोट डालने के बाद वह मतदान केंद्र के बाहर आईं और उंगली पर लगी स्याही को दिखाया। उन्होंने निगम शहर क्षेत्र के नागरिकों से कहा कि अधिक से अधिक संख्या में लोग मतदान करें। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी नगरीय निकाय चुनाव में मतदान किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपना मत देने की अपील भी की

### आईईडी ब्लास्ट में जवान की हालत नाजुक



छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान जारी है। इस बीच दंतेवाड़ा जिले से बड़ी खबर सामने आई है, यहां नक्सलियों द्वारा प्लांट किये गए आईईडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया है। घायल जवान को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया जा रहा है। एएसपी आर.के बर्मन ने इसकी पुष्टि की है।

### दुबई से वोटिंग करने पहुंचे रोजिन राजू

बिलासपुर के एसबीआर कॉलेज में मतदान करने के लिए रोजिन राजू दुबई से पहुंचे हैं। मतदान केंद्र पहुंचे



रोजिन राजू बताया कि वो दुबई में एसी टेक्नीशियन का पिछले 9 साल से काम कर रहे हैं। जब भी मतदान करने का मौका मिलता है, तो वे यहां छुट्टी लेकर आते हैं। उन्होंने बताया कि मतदान करने के लिए दुबह से 3-4 बार पहले और आ चुके हैं। उनका कहना है कि यह अपना मतदान है। पांच साल में एक बार मतदान कर सही नेता चुनने का मौका मिलता है। मैंने वह प्रत्याशी चुना है जो वार्ड में सही से कार्य कराए और शहर को विकास में आगे बढ़ाए। उन्होंने बताया कि उनका परिवार बिलासपुर के वार्ड 21 में रहते हैं।

### 100 वर्ष की कलावती और 104 वर्ष की सकीना ने किया मतदान



पोलिंग बूथों में सुबह से ही मतदाताओं में अलग उत्साह देखने को मिला है। लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपनी भूमिका निभाना चाहता है, चाहे वह शारीरिक रूप से मजबूत हो या न हो। ऐसा ही कुछ नजारा सूरजपुर जिले के बिश्रामपुर में नजर आया, जहां दो शतायु महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर न सिर्फ लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। बल्कि, युवाओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इन बुजुर्ग महिलाओं में कलावती देवी की उम्र 100 साल, जबकि सकीना बेगम की उम्र 104 साल है। दोनों ने आज अपने परिजनों के साथ बिश्रामपुर के आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 12 में मत देने पहुंचीं। मतदान के बाद उन्होंने सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

### पूर्व राज्यपाल रमेश बैस का पोलिंग बूथ बदला



#### अन्य वोटर भी इसी समस्या से जूझे

पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के नाम वोटर लिस्ट में रविनगर में रहा है लेकिन इस बार उन्हें शहीद स्मारक के बूथ में वोट डालने जाना पड़ा। अमीन पारा में भी बड़ी संख्या में वोटर्स बिना वोट डाले चले गए। उनकी शिकायत थी कि विधानसभा, और लोकसभा चुनाव में तो मताधिकार का प्रयोग किया लेकिन वार्ड चुनाव में नाम मतदाता सूची से गायब रहे।

### 2 पार्षद प्रत्याशियों के बीच हुई झड़प



छत्तीसगढ़ में आज नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान हुआ। जनता ने अपने नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों को चुनने के लिए मतदान किया है। सुबह 8 बजे से वोटिंग शुरू हुई थी, जिसमें मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं मतदान के दौरान कई जगह से ईवीएम खराब होने से मतदान प्रभावित होने की ख़बरें सामने आई, तो कहीं से हल्की गहमा गहमी की खबरें भी सामने आई। वहीं अब न्यायधानी बिलासपुर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दरअसल, छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में भाजपा प्रत्याशी और निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थकों के बीच जमकर मारपीट हुई है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे को जमकर पीटा है।

### मतदान के बीच मतदाता को आया हार्ट अटैक,अस्पताल में हुई मौत



छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के लिए आज मतदान हो रहा. मतदान के बीच धमतरी के नगरी ब्लॉक के बाजार पारा बूथ में मतदाता को हार्ट अटैक आया। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मतदाता की मौत हो गई।मृतक का नाम कुंज बिहारी देव बताया जा रहा है. इस घटना की पुष्टि धमतरी कलेक्टर नम्रता गांधी ने की है।

### लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा बनीं अमेरिका में रहने वाली लोरमी की बेटी



छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले से लोकतंत्र के इस महापर्व में एक सुंदर दृश्य सामने आया है, जहां अमेरिका में रहने वाली लोरमी की बेटी लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा बनी है. लोरमी नगर पालिका के वार्ड 5 में रहने वाली कोमल ने अपने मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया है. प्रशासनिक अधिकारियों ने भी उनके जज्बे को सलाम करते हुए सम्मानित किया

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)